Website:- www.Janmarg.com
TITLE CODE:- T/RJ/2024/211
e-mail :morningjanmarg@gmail.com

निष्पक्ष एवं निर्भीक दैनिक

# जनमार्ग

लोकतंत्र व निष्पक्षता का मार्ग प्रातःकालीन समाचार पत्र

श्रीगंगानगर, शनिवार, 28.12.2024 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 2 रुपये ● वर्ष : 1 ● अंक : 250 ● मो. 93526-86083, 77421-86692, 0154-2970692



नए साल में नया उत्साह उमंग 4

## मैदान में घुसा फैन, विराट से मिला



जनमार्ग न्यूज

**मुम्बई।** ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के मेलबर्न टेस्ट में मजबूत स्थिती में पहुंच गई है। भारत पर फॉलोऑन बचाने का खतरा मंडरा रहा है। शुक्रवार को दूसरे दिन स्टंप्स तक भारत ने पहली पारी में 5 विकेट खोकर 164 रन बनाए। टीम अभी भी ऑस्ट्रेलियाई टीम से 310 रन से पीछे है। कंगारू टीम पहली पारी में 474 रन पर ऑलआउट हुई। मैच के दूसरे दिन भी कुछ इंटरेस्टिंग मोमेंट्स देखने के मिले। जैसे मैच को शुरू हुए अभी एक घंटा भी नहीं हुआ था कि एक फैन मैदान में घुस आया, उसने विराट कोहली के कंधे पर हाथ रखकर बातचीत भी की। वहीं, ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ अजीब तरह से बोल्ड हो गए। टीम इंडिया भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजली देने के लिए बांह में काली पट्टी बांधकर उतरी।

# तीन दिन विधायकों से चर्चा करेंगे मुख्यमंत्री भजनलाल

- बजट-सत्र से पहले विधायकों की नाराजगी दूर करने की कवायद
- काम नहीं होने पर विधायक जता चुके नाराजगी

जनमार्ग न्यूज



**जयपुर।** सरकार जनवरी के तीसरे सप्ताह में विधानसभा सत्र (बजट सत्र) बुला सकती है। बजट पेश होने के चलते यह सत्र करीब एक महीने तक चल सकता है। सदन में पहले भी कई बीजेपी विधायक अपनी ही सरकार को घेरते हुए नजर आए थे। वहीं, कई विधायक अपनी ही सरकार में काम नहीं होने के चलते निजी व सार्वजनिक तौर पर नाराजगी जता चुके हैं। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए सीएम भजनलाल शर्मा विधायकों से संभागवार फीडबैक लेने जा रहे हैं। अगले तीन दिनों तक सीएम भजनलाल शर्मा सीएमआर में संभागवार सभी विधायकों से चर्चा करेंगे। चर्चा की शुरुआत शनिवार को कोटा संभाग के विधायकों से होगी। शनिवार को कैबिनेट बैठक होने के चलते केवल कोटा संभाग के विधायकों से चर्चा होगी। लेकिन अगले दो दिन सीएम भजनलाल शर्मा सुबह से लेकर शाम तक केवल विधायकों से चर्चा में ही बिताएंगे। वहीं, रविवार को जोधपुर, उदयपुर और भरतपुर के विधायकों से चर्चा होगी। सोमवार को अजमेर, बीकानेर और जयपुर के विधायकों से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा चर्चा करेंगे। पिछले विधानसभा सत्र में बांदीकुई विधायक भागचंद टाकड़ा ने अपनी ही सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया था। उन्होंने अपनी ही सरकार के वन विभाग पर वसूली करने के आरोप लगाए थे। उन्होंने विधानसभा में वन एवं पर्यावरण विभाग की अनुदान मांगों पर बोलते हुए कहा था कि मेरे विधानसभा क्षेत्र में वनकर्मी चौथ वसूली कर रहे हैं। बजरी की ट्रैक्टर-ट्रॉली को मिट्टी की बताकर कम जुर्माना लगाया जाता है। वहीं, ट्रैक्टर मालिक से 50-50 हजार रुपए की रिश्वत ली जाती है। विधायक ने कहा कि जब मैंने इस चौथ वसूली का विरोध किया तो वन विभाग ने मेरे खिलाफ ही राजकार्य में बाधा डालने और मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करवा दिया। लालसोट से बीजेपी विधायक रामबिलास मीणा अपनी ही सरकार के यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा की कार्यशैली से नाराज हो गए थे।

## साउथ कोरिया में 14 दिन में 3 राष्ट्रपति

जनमार्ग न्यूज



**सियोल।** साउथ कोरिया की संसद में शुक्रवार को प्रधानमंत्री और कार्यवाहक राष्ट्रपति हान डक-सू को महाभियोग चलाकर पद से हटा दिया गया। उन्हें हटाने के पक्ष में 192 वोट पड़े, जबकि इसके लिए 151 वोटों की जरूरत थी। प्रस्ताव के विरोध में एक भी वोट नहीं पड़ा क्योंकि सत्ताधारी पार्टी ने वोटिंग का बहिष्कार कर दिया। अब वित्त मंत्री चोई सांग-मोक कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में पदभार संभालेंगे। चोई सांग ने 3 दिसंबर को मार्शल लॉ लगाने का खुलकर विरोध किया था। उन्होंने इसे देश की अर्थव्यवस्था के लिए विनाशकारी बताया था। यून सुक योल ने 3 दिसंबर को देश में इमरजेंसी (मार्शल लॉ) लगा दिया था। हालांकि विपक्ष की कोशिशों से यह सिर्फ 6 घंटे के लिए ही लागू रह पाया।

## मनमोहन सिंह की अंतिम यात्रा आज सुबह 9.30 बजे



- मोदी-शाह ने घर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी

जनमार्ग न्यूज

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का गुरुवार रात निधन हो गया। वे 92 साल के थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने उनके आवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इधर, केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में पूर्व पीएम को श्रद्धांजलि दी गई और शोक प्रस्ताव पारित किया गया। मनमोहन लंबे समय से बीमार थे। घर पर बेहोश होने के बाद उन्हें रात 8ः06 बजे दिल्ली एआईसीसी लाया गया था। हॉस्पिटल बुलेटिन के मुताबिक, रात 9.51 बजे उन्होंने आखिरी सांस ली। उनकी अंतिम यात्रा शनिवार 28 दिसंबर को सुबह 9.30 बजे दिल्ली स्थित एआईसीसी (ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी) मुख्यालय से शुरू होगी। यह जानकारी कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने दी। उन्होंने बताया- शनिवार सुबह 8 बजे डॉ. सिंह का पार्थिव शरीर उनके आवास से एआईसीसी मुख्यालय लाया जाएगा, जहां सुबह 8.30 बजे से 9.30 बजे तक लोग और कांग्रेस कार्यकर्ता उन्हें श्रद्धांजलि दे सकेंगे। इससे पहले शुक्रवार शाम को कांग्रेस मुख्यालय पर सीडब्ल्यूसी की बैठक हुई, इसमें पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी गई। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर राष्ट्रीय शोक के कारण राष्ट्रपति भवन में शनिवार को होने वाली चेंज ऑफ गार्ड सेरेमनी नहीं होगी।

# आरसीए में एडहॉक कमेटी को फिर मिला मौका

- विवाद के बाद बिहाणी-धनंजय फिर एकसाथ
- अब मार्च तक कराने होंगे चुनाव

जनमार्ग न्यूज



**जयपुर।** राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन में चल रहे सियासी विवाद के बीच एक बार फिर सरकार ने मौजूदा एडहॉक कमेटी के कार्यकाल को 3 महीने और बढ़ा दिया है। राजस्थान सरकार द्वारा गठित आरसीए एडहॉक कमेटी में जहां बीजेपी विधायक और श्रीगंगानगर जिला क्रिकेट संघ के कोषाध्यक्ष जयदीप बिहाणी को एक बार फिर से एडहॉक कमेटी का संयोजक बनाया गया है। उनके साथ कमेटी में सदस्य नागौर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष धनंजय सिंह खींवसर, पाली जिला क्रिकेट संघ के सचिव धर्मवीर सिंह, झुंझुनूं जिला क्रिकेट संघ के सचिव हरिशचंद्र सिंह, बीकानेर जिला क्रिकेट संघ के सचिव रतन सिंह शेखावत और जैसलमेर जिला क्रिकेट संघ के सचिव विमल शर्मा को कमेटी का सदस्य बनाया गया है। ऐसे में राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव के लिए जिला संघों को अब थोड़ा और इंतजार करना पड़ेगा। इससे पहले गुरुवार को हेल्थ मिनिस्टर गजेंद्र सिंह खींवसर के बेटे धनंजय सिंह ने एडहॉक कमेटी पर मनमानी, सदस्यों से चर्चा नहीं करने और खिलाड़ियों के सिलेक्शन में गड़बड़ी के आरोप लगाए थे। जिस पर पलटवार करते हुए एडहॉक कमेटी के संयोजक (कन्वीनर) बीजेपी विधायक जयदीप बिहाणी ने धनंजय सिंह को वीआईपी बताते हुए उन्हें संयोजक नहीं बनाए जाने की वजह से बेवजह विवाद करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कन्वीनर नहीं बनाए जाने की वजह से उनके पेट में दर्द होने की बात कही थी। अब एक बार फिर से सरकार ने दोनों एक एक साथ एडहॉक कमेटी में नियुक्ति दी है।

## अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर धारा 163 प्रभावी

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. मंजू ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पूर्व में जारी उपखण्ड श्रीगंगानगर एवं करणपुर से लगती हुई भारत-पाक अंतर्राष्ट्रीय सीमा से तीन किलोमीटर पट्टी में प्रतिबंधात्मक आदेश अब 12 मई 2025 प्रभावी रहेंगे।

## सुजुकी के पूर्व चेयरमैन ओसामु सुजुकी का निधन

जनमार्ग न्यूज



**नई दिल्ली।** सुजुकी के पूर्व चेयरमैन ओसामु सुजुकी का निधन, भारत में सुजुकी की एंट्री का लिया था ऐतिहासिक फैसला सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन के पूर्व चेयरमैन ओसामु सुजुकी का 94 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। कंपनी ने जानकारी दी कि 25 दिसंबर 2024 को लिम्फोमा (एक प्रकार का कैंसर) के कारण उनका निधन हुआ। ओसामु सुजुकी को ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में एक दूरदर्शी नेता के रूप में याद किया जाएगा। 30 जनवरी 1930 को जापान के गेरो में जन्मे ओसामु मात्सुदा का जीवन साधारण शुरुआत से असाधारण ऊंचाई तक पहुंचा। 1958 में उन्होंने सुजुकी परिवार की शोको सुजुकी से विवाह किया और इस प्रतिष्ठित कारोबारी घराने का हिस्सा बने।

## ओवरस्पीड बस गंदे नाले में गिरी, 8 मरे

- 24 से ज्यादा घायल, 50 लोग सवार थे



जनमार्ग न्यूज

**बठिंडा।** पंजाब के बठिंडा में प्राइवेट कंपनी की बस (पीबी 11 डीबी- 6631) अनियंत्रित होकर नाले में गिर गई। जिसमें ड्राइवर समेत 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 24 से ज्यादा लोग घायल हैं। ड्राइवर की पहचान मानसा के रहने वाले बलकार सिंह के रूप में हुई है। घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा जीवन सिंह वाला गांव के पास हुआ। बस सरदूलगढ़ से बठिंडा की तरफ जा रही थी। बस में करीब 50 लोग सवार थे। हादसे की सूचना पाकर प्रशासन और एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। बठिंडा के डीसी शौकत अहमद पर्रे ने बताया कि बस में सवार यात्रियों ने बताया कि ड्राइवर बस को तेज स्पीड से चला रहा था। तभी सामने से एक बड़ा ट्राला आ गया। उससे बचने के लिए बस टर्न की गई, जिसकी वजह से यह हादसा हो गया।

## हिमाचल में नेशनल हाईवे पर 1 फीट बर्फ



जनमार्ग न्यूज

**शिमला।** जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में लगातार हो रही बर्फबारी के कारण कई सड़कें बंद हैं। हिमाचल में 2 हाइवे समेत 24 सड़कों पर लगातार तीसरे दिन बसों की आवाजाही बंद है। नेशनल हाइवे 305 पर भी करीब 1 फुट बर्फ है। प्रशासन बर्फ हटाने की कोशिश में जुटा हुआ है। उत्तराखंड में भी जोशीमठ और पिथौरागढ़ में बर्फबारी के कारण नेशनल हाइवे और स्टेट हाइवे बंद है। देहरादून में भी त्यूनी-चक्रता-मसूरी नेशनल हाईवे के 30 किलोमीटर स्ट्रेच का हाईवे बर्फबारी के कारण बंद है। मौसम विभाग ने कहा है कि यहां अगले 2-3 दिन बर्फबारी का दौर जारी रहेगा।

# सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिये अवैध कटों का सर्वे करने के निर्देश

- जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक शुक्रवार को जिला कलक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इस दौरान जिला कलक्टर ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये सड़क मार्ग के अवैध कटों का सर्वे कर जल्द रिपोर्ट देने के लिये संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही परिवहन विभाग को वाहन चालकों की नेत्र जांच के लिये शिविर आयोजित करने के निर्देश दिये गये। बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये सड़क मार्ग के अवैध कटों का सर्वे कर संबंधित विभागीय अधिकारी जल्द रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश देते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि परिवहन विभाग द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना के लिये जागरूक और सावचेत किया जाये। अब तक परिवहन विभाग द्वारा की गई कार्यवाहियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की पालना नहीं करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ परिवहन विभाग नियमानुसार कार्यवाही की जाये। ओवरलोडेड वाहनों के खिलाफ नियमित कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि वाहनों और निराश्रित पशुओं पर रेडियम टेप व रिफलेक्टर लगाये जायें। निराश्रित पशुओं के सींगों पर टेप और गले में रिफलेक्टर पहनायें ताकि अंधेरे में वाहन चालकों को सड़क पर पशुओं की मौजूदगी का पता चले और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। जिला परिषद और स्थानीय नगर निकायों द्वारा अधीनस्थ क्षेत्रों में निराश्रित पशुओं के गले और सींगों पर रेडियम टेप व रिफलेक्टर लगवाये जायें। सड़क किनारे सूखे पेड़ों और झाड़ियों को हटाने के लिये पीडब्ल्यूडी, वन विभाग सहित संबंधित विभागों को निर्देश देते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि ओवर स्पीड वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ भी परिवहन विभाग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही करते हुए वाहन चालकों को जागरूक किया जाये।

## इजराइली बमबारी में बचे डब्ल्यूएचओ चीफ

जनमार्ग न्यूज

**तेल अवीव।** यमन की राजधानी सना में एयरपोर्ट पर गुरुवार को हुए इजराइली हमले में डब्ल्यूएचओ चीफ ट्रेड्रोस एडेहोनम बाल-बाल बचे। टेड्रोस थोड़ी देर बाद एयरपोर्ट से रवाना होने वाले थे, तभी इजराइल की तरफ से ये हमला हुआ। हमले में विमान का एक क्रू घायल हुआ है। इसके अलावा अन्य दो लोगों की मौत हो गई है। ट्रेड्रोस ने एक्स पर पोस्ट कर इस हमले की जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि जब हम प्लेन में सवार होने वाले थे, उसके 2 घंटे पहले एयरपोर्ट पर बमबारी हुई। हमले में रनवे को नुकसान पहुंचा है। ट्रेडोस और उनके साथियों को रनवे की मरम्मत होने तक इंतजार करना होगा।

## राजस्थान के कई जिलों में भारी ओलावृष्टि

जनमार्ग न्यूज



**जयपुर।** राजस्थान में बारिश-कोहरे के कारण के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है। शुक्रवार को बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ में धुंध के कारण ट्रक-कंटेनर की भिड़ंत में दो की मौत हो गई। जबकि उदयपुर में कोहरे के कारण 4 फ्लाइट के डायवर्ट किया गया है। झुंझुनूं-हनुमानगढ़ और चूरू में कई जगह भारी ओलावृष्टि हुई है, इससे फसलों को नुकसान की आशंका जताई जा रही है। इससे पहले गुरुवार रात से शुरू हुआ हल्की बारिश का दौर शुक्रवार दोपहर को भी जारी है। बारिश के कारण जयपुर सहित 9 जिलों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। शीतलहर से भी ठिठुरन बढ़ी है। मौसम विभाग ने 15 जिलों में ऑरेंज, जबकि 16 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, अगले तीन दिन घना कोहरा छाए रहने का अनुमान जताया है। प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस से सीकर, अजमेर, जयपुर, उदयपुर, झुंझुनूं, चूरू, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ और कोटपूतली-बहरोड़ में शुक्रवार सुबह बारिश हुई। जयपुर में दोपहर को घने बादल छाए, इस वजह से दिन में ही अंधेरा हो गया। यहां सुबह से शाम तक रुक-रुककर बारिश होती रही।

सम्पादकीय

## आग में झुलसते लोग

हमास के हमले के बाद शुरू हुए इजराइली आक्रमण का खमियाजा फिलिस्तीन के हजारों नागरिक भुगत रहे हैं। इजराइल का दावा है कि वह चरमपंथी समूहों पर हमले कर रहा है, लेकिन सच यह है कि इसकी चपेट में ज्यादातर नागरिक ही आ रहे हैं। अब तक लगभग पैंतालीस हजार फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। हजारों लोग घायल हो चुके हैं। इजराइल वहां मानवीय सहायता भी पहुंचने नहीं दे रहा। ऐसे में हमले से बचे लोग और खासतौर पर बच्चे भुखमरी, रोग और ठंड के शिकार हो रहे हैं। बड़ी संख्या में महिलाओं-बच्चों और बुजुर्गों को शरणार्थी शिविरों में पनाह लेनी पड़ी है। दुखद यह है कि हवाई हमलों के कारण आम लोगों के शरण लेने वाले शिविर भी सुरक्षित नहीं रहे। इजराइल के हवाई हमले में स्कूल, अस्पताल और नागरिक ठिकाने भी चपेट में आए हैं, जबकि इन जगहों पर हमला नहीं करने को लेकर अंतरराष्ट्रीय कानूनों में स्पष्ट निर्देश है। कुछ समय पहले एक धार्मिक स्थल पर सैन्य हमले में पांच लोग मारे गए थे। उस समय वहां कई विस्थापित लोगों ने शरण लिया हुआ था। बुधवार को भी गाजा पट्टी में अस्पताल के बाहर हवाई हमले में पांच पत्रकारों की मौत हो गई। यानी इजराइल अपने प्रतिशोध में अब पत्रकारों को भी नहीं बख्श रहा है। यह समझना मुश्किल है कि इतनी बड़ी तादाद में आम लोगों के मारे जाने के बावजूद इजराइल युद्धविराम के किसी भी नियम-कायदे को मानने के लिए तैयार क्यों नहीं हैं और न ही शांति प्रयास की किसी पहल में उसकी रुचि है। उसकी लगातार नाकाबंदी के कारण भोजन-पानी और दवाओं के अभाव में फिलिस्तीनी रोज मर रहे हैं। भीषण रक्तपात के बावजूद अमेरिका सहित दुनिया के बड़े देशों ने अपनी आंखें मूंद ली हैं। इस समय गाजा के रिहाइशी इलाके और सड़कें वीरान हैं। लोग बिजली-पानी के बिना जी रहे हैं। गाजा अभूतपूर्व मानवीय संकट से गुजर रहा है। हैरत है कि मानवाधिकार हनन के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले देश भी इजराइल के खिलाफ आगे नहीं आ रहे। ऐसे में शांति प्रक्रिया कैसे शुरू होगी? प्रतिशोध की आड़ में इजराइल कब तक तबाही मचाता रहेगा? यह ध्यान रखने की जरूरत है कि प्रतिशोध की आग में बहुत कुछ जल जाता है, लेकिन युद्ध के बाद हल का रास्ता शांति और संवाद से ही निकल सकता है।

# केन-बेतवा परियोजना से संवरेगा बुंदेलखंड

इस महत्वाकांक्षी परियोजना के शुभारंभ से बुंदेलखंड में विकास और प्रगति का एक नया सूर्योदय होना तय है। दशकों से पेयजल और सिंचाई संकट का सामना कर रहे बुंदेलखंडवासियों के लिए यह परियोजना किसी वरदान से कम नहीं है। ऐसा इसलिए कि इस परियोजना से कृषि उत्पादन बढ़ेगा और लोगों की आय में वृद्धि होगी। कृषि पर आधारित उद्योग-धंधे विकसित होंगे और अर्थव्यवस्था का पहिया नाच उठेगा। आय बढ़ने से समृद्धि का नया द्वार खुलेगा। गौर करें तो इस परियोजना का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के सूखाग्रस्त बुंदेलखंड में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु मध्यप्रदेश की केन नदी के अधिशेष जल को बेतवा नदी में हस्तांतरित करना है।

यह सुखद है कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश के खजुराहो में केन-बेतवा लिंक परियोजना का शुभारंभ कर दिया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के शुभारंभ से बुंदेलखंड में विकास और प्रगति का एक नया सूर्योदय होना तय है। दशकों से पेयजल और सिंचाई संकट का सामना कर रहे बुंदेलखंडवासियों के लिए यह परियोजना किसी वरदान से कम नहीं है। ऐसा इसलिए कि इस परियोजना से कृषि उत्पादन बढ़ेगा और लोगों की आय में वृद्धि होगी। कृषि पर आधारित उद्योग-धंधे विकसित होंगे और अर्थव्यवस्था का पहिया नाच उठेगा। आय बढ़ने से समृद्धि का नया द्वार खुलेगा। गौर करें तो इस परियोजना से उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड के साथ-साथ मध्यप्रदेश राज्य के पन्ना, टीकमगढ़, छतरपुर, सागर, दमोह, दतिया, विदिशा, शिवपुरी तथा उत्तर प्रदेश के बांदा, महोबा, झांसी व ललितपुर जिले जलसंकट से मुक्त होंगे। उल्लेखनीय है कि इस परियोजना को आकार देने के लिए वर्ष 2021 में मध्यप्रदेश व उत्तर प्रदेश की सरकार ने विश्व जल दिवस के अवसर पर केंद्र सरकार के साथ एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किया था।

इस समझौते के तहत इस परियोजना पर तकरीबन 44,605 करोड़ रुपये मंजूर किए गए थे। इसका 90 फीसद खर्च भार केंद्र सरकार द्वारा उठाया जाना सुनिश्चित हुआ जबकि उत्तर प्रदेश एवं मध्यप्रदेश दोनों सरकारें दस फीसदी यानी पांच-पांच फीसदी खर्च करेंगी। तब केंद्र सरकार ने इस योजना को पूरा करने के लिए आठ साल का समय सुनिश्चित किया। गौर करें तो इस परियोजना का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के सूखाग्रस्त बुंदेलखंड में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु मध्यप्रदेश की केन नदी के अधिशेष जल को बेतवा नदी में हस्तांतरित करना है। उल्लेखनीय है कि केन नदी मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र की एक प्रमुख नदी है जिसकी कुल लंबाई 470 किमी है। यह नदी मध्यप्रदेश के कटनी जिले से निकलकर उत्तर प्रदेश में यमुना नदी में मिलती है। केन नदी 292 किमी मध्यप्रदेश में बहती है। लेकिन उसके जल का उपयोग मध्यप्रदेश नहीं कर पाता है। अब केन-बेतवा परियोजना के तहत दौधन के पास एक बैराज बनाकर केन नदी के जल को रोका जाएगा। दौधन बांध से तकरीबन 221 किमी लंबी एक लिंक नहर का निर्माण कर केन बेसिन के 1074 मिलियन क्यूसेक मीटर अधिशेष जल को बेतवा बेसिन में पहुंचाया जाएगा। बेतवा नदी की भौगोलिक स्थिति पर दृष्टि डालें तो यह मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश दोनों राज्यों में बहती है। इसे यमुना नदी की उपनदी भी कहा जाता है। यह मध्यप्रदेश के रायसेन जिले से निकलकर भोपाल, विदिशा, झांसी, ललितपुर जिलों से गुजरती हुई तकरीबन 480 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए यमुना नदी में मिलती है। अगर यह परियोजना जमीन पर उतरती है तो जल संकट की मार झेल रहे बुंदेलखंड के लोगों की प्यास बुझेगी तथा कृषि योग्य भूमि लहलहाएगी। देखें तो इस परियोजना से उत्तर प्रदेश एवं मध्यप्रदेश की तकरीबन 1062 लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। उत्तर प्रदेश के इन चार जिलों में रहने वाले तकरीबन 65 लाख लोगों की प्यास भी बुझेगी। झांसी को 14.66 एमसीएम, ललितपुर को 31.98 एमसीएम तथा महोबा को 20.13 एमसीएम पेयजल मिलेगा। इस



परियोजना के तहत उत्तर प्रदेश में दो बैराज भी बनने हैं जिससे 103 मेगावाट जल ऊर्जा और 27 मेगावाट सौर उर्जा का उत्पादन किया जा सकेगा। गौरतलब है कि केन-बेतवा परियोजना की पहली रूपरेखा 2002 में तैयार की गयी थी। वर्ष 2005 में उत्तर प्रदेश एवं मध्यप्रदेश के बीच पानी बंटवारे का समझौता हुआ लेकिन यह परियोजना बर्फखाने में चली गई। 2006 में पहली बार परियोजना के सर्वे के लिए जल विकास अधिकरण का गठन हुआ लेकिन फिर भी परियोजना परवान नहीं चढ़ी। 2019 में दोनों राज्यों में पुनः जलसमझौते को आकार देने की कोशिश हुई लेकिन बात नहीं बनी। उसका कारण यह था कि मध्यप्रदेश पूरे साल का पानी एक साथ उत्तर प्रदेश को देने की बात कर रहा था जबकि उत्तर प्रदेश फसली सीजन के मुताबिक पानी मांग रहा था। अब चूंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परियोजना के लिए हरी झंडी दिखा दी है जिससे बुंदेलखंड की तस्वीर बदलनी तय है।

ध्यान दें तो बुंदेलखंड में पानी की कमी का मुख्य कारण नदी-नीति की विफलता ही रहा है। इस कारण आज तक चंबल, सिंध पहुज, बेतवा, केन, धसान, पयस्वनी इत्यादि उद्गम स्रोत होते हुए भी समूचा विंध्य क्षेत्र जलविहिन है। अगर इन नदियों के जल का संचय और सदुपयोग किया गया होता तो बुंदेलखंड में जल की कमी नहीं होती। लेकिन सच्चाई यह है कि बुंदेलखंड में पानी की समस्या दूर करने के लिए जितनी भी योजनाएं गढ़ी-बुनी गई, वह परवान नहीं चढ़ सकी। एक आंकड़े के मुताबिक बुंदेलखंड में औसतन 70 हजार लाख टन घन मीटर पानी प्रतिवर्ष वर्षा द्वारा उपलब्ध होता है। लेकिन विडंबना है कि इसका अधिकांश भाग तेज प्रवाह के साथ निकल जाता है। बेतवा नदी का प्रभाव ढुकवां बांध पर वर्षा ऋतु में 16800 घन मीटर प्रति सेकेंड होता है जो ग्रीष्म में घटकर 0.56 घन मीटर प्रति सेकेंड रह जाता है। इसी तरह पयस्वनी का प्रभाव वर्षा ऋतु में 2184 घन मीटर प्रति सेकेंड रहता है जबकि ग्रीष्म ऋतु में यह 0.42 घन मीटर प्रति सेकेंड रह जाता है। अगर इन प्रवाहों को संचित कर उपयोग में लाया जाए तो इस क्षेत्र की भूमि को लहलहाते देर नहीं लगेगी। गौर करें तो केन और बेतवा को छोड़कर अन्य नदियों का जल बिना उपयोग के यमुना नदी में प्रवाहित हो जाता है। बुंदेलखंड का भौगोलिक क्षेत्रफल लगभग 70 हजार वर्ग किलोमीटर है। यह वर्तमान हरियाणा और पंजाब से अधिक है। इसमें उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश के 13 जनपद तथा समीपवर्ती भू-भाग है जो यमुना और नर्मदा नदी से आबद्ध है। मध्यप्रदेश के सागर संभाग के पांच जिले-छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, सागर और दमोह और चंबल का दतिया जिला मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड में आते हैं। जबकि उत्तर प्रदेश के झांसी संभाग के सभी सात जिले- बांदा, चित्रकूट, झांसी, ललितपुर, जालौन, महोबा और हमीरपुर बुंदेलखंड में आते हैं। यह बुंदेलखंड की विडंबना है कि एक सांस्कृतिक और सामाजिक एकरूप भौगोलिक क्षेत्र होने के बावजूद यह दो राज्यों में बंटा हुआ है। बावजूद इसके बुंदेलखंड विकास की असिमित संभावनाओं को अपनी कोख में संजोए हुए है। उसके पास इतने अधिक संसाधन है कि वह अपने बहुमुखी उत्थान की आर्थिक व्यवस्था स्वतः कर सकता है। लेकिन यह तभी संभव होगा जब उसकी कोख जल से संतृप्त होगी। उल्लेखनीय है कि बुंदेलखंड की दुर्दशा को ध्यान में रखकर ही 1956 में गठित प्रथम राज्य पुनर्गठन आयोग द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में बुंदेलखंड को अलग राज्य बनाए जाने की वकालत की गई थी। बहरहाल बुंदेलखंड के अलग राज्य का सपना तो दूर है, लेकिन केन-बेतवा परियोजना से उम्मीद की आस बंध गई है। उम्मीद की जानी चाहिए कि अब इस परियोजना में किसी तरह की अड़चन नहीं आएगी।

## ग़ालिब से 'गुफ़्तगू' करते मंटो

वह 1940 का दशक था। देश में ब्रिटिश शासन के खिलाफ गुस्सा बढ़ रहा था। देश और दिल्ली में भी लगातार आंदोलन हो रहे थे। मशहूर उर्दू लेखक सआदत हसन मंटो उन दिनों दिल्ली में थे। वे ऑल इंडिया रेडियो में काम कर रहे थे। मंटो के साथ उर्दू के मशहूर अफसाना निगार कृष्ण चंदर भी काम करते थे। जब भी उन्हें खाली समय मिलता, वे दोनों दिल्ली की खाक छानने के लिए निकल पड़ते। यह नामुमकिन है कि ये दोनों दिल्ली-6 में मिर्जा ग़ालिब के घर और बस्ती निजामुद्दीन में उनकी कब्र पर कभी न गए हों। मंटो ने दिल्ली में रहते हुए 'मिर्जा गालिब' फिल्म लिखी थी। ये 1955 में रीलिज हुई थी। आप बस्ती निजामुद्दीन में मिर्जा ग़ालिब की मजार की ओर बढ़ते हुए मंटो और उन सभी के बारे में पलभर को सोचते हैं जो मिर्जा ग़ालिब की कब्र पर आते रहे हैं। आप गालिब की मजार पर जाते हुए ग़ालिब अकादमी के आगे से गुजरते हैं। वहां पर आज उनकी साल गिरह पर उनकी शायरी पर कई विद्वान गुफ्तुगू करेंगे। मुशायरा भी होना है। यहां से गुजरते हुए आपके कानों में 'ये न थी हमारी किस्मत के विसाल-ए-यार होता...' या 'हजारों ख़्वाहिशें ऐसी कि हर ख़्वाहिश पे दम निकले...' जैसे गालिब के कालजयी शेर सुनाई पड़ते हैं। कोई शायर या गालिब की शायरी को चाहने वाला इन्हें पढ़ रहा होता। खैर साहब, आप ग़ालिब की मजार पर पहुंचते हैं। वहां पर पहले से गालिब की शायरी के कुछ शैदाई पहुंचे हुए हैं। कुछ नौजवान यहां आए हुए हैं। उनमें से एक कहता है, 'हम हर साल यहां आते हैं। यहां आकर लगता है कि हम गालिब साहब से बात कर रहे हैं। हम उनकी शायरी को पढ़ते हैं। उर्दू शायरी पढ़ने वाले और गालिब पर गंभीर रिसर्च करने वाले भी यहां आते हैं। एक दौर था, जब यहां पाकिस्तानी भी नियमित रूप से दस्तक देते थे। यह उन दिनों की बात है जब दोनों देशों के नागरिक सरहद के आर-पार आराम से आते-जाते थे। ग़ालिब अकादमी के सचिव डॉ. अकील अहमद कहते हैं, 'जो ग़ालिब के गहरे दार्शनिक विचारों पर शोध करते हैं, वे भी यहां हैं। ग़ालिब की मजार आज जिस रूप में है, इसे खड़ा करने में हमदर्द दवाखाना के फाउंडर हकीम अब्दुल हमीद का अहम रोल था। उन्होंने ही गालिब अकादमी स्थापित की थी। वे कहते थे कि मजार और इसके आसपास हालत काफी खराब थी। उन्होंने इसका पुनर्निर्माण कराया। अगर बात ग़ालिब अकादमी की करें तो, इसका उद्घाटन 1969 में राष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन ने किया था। यहां ग़ालिब को समर्पित एक संग्रहालय है, जिसमें उनकी प्रतिमा, दुर्लभ पुस्तकें, दस्तावेज और प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की एक गैलरी है। हकीम अब्दुल हमीद ने इस लेखक को 1995 में बताया था, "गालिब की मजार का क्षेत्र जर्जर था जब तक कि उन्होंने इसे पुनर्जीवित करने के लिए कदम नहीं उठाया था।" मशहूर टीवी पर्सनेल्टी विनोद दुआ भी गालिब की मजार पर हाजिरी देने के लिए आते थे। वे गालिब को दिल्ली वालों का बुजुर्ग कहते थे। मुहम्मद इकबाल भी ग़ालिब की शायरी से गहरे से प्रभावित थे। वे कहते थे कि उनकी कब्र पर आना शायरों के लिए किसी तीर्थयात्रा के समान है। वे ग़ालिब और हजरत निजामुद्दीन औलिया की मजारों पर हाजिरी देते थे। वे यहां पहली बार 1905 में आए थे, इंग्लैंड जाने से ठीक पहले। इस बीच, दिल्ली में लगभग दो साल रहने के बाद, मंटो अपने पसंदीदा शहर, मुंबई ( तब बॉम्बे) लौट गए थे। यह 1948 की बात है। 'मिर्जा ग़ालिब' की कहानी लिखते समय, वे निश्चित रूप से ग़ालिब के घर और कब्र पर जाते ही होंगे। उनका एक तरह से अपने प्रिय शायर से 'संवाद' भी हुआ होगा। वे जरूर सोचते होंगे कि अगर गालिब साहब उनके सामने होते तो वे उनसे क्या सवाल करते। सोहराब मोदी ने मंटो की कहानी पर मिर्जा गालिब फिल्म का निर्माण किया। उसे जबरदस्त सफलता मिली थी। देश के विभाजन के बाद, मंटो पाकिस्तान चले गए। उनका 1955 में लाहौर में निधन हो गया। इत्तेफाख देखिए कि तब देशभर में 'मिर्जा ग़ालिब' फिल्म चल रही थी। राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद और प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने इसे देखा और पसंद किया। मंटो की मौत से अवाक किशन चंदर ने तब लिखा था- 'जिस दिन मंटो से मेरी पहली मुलाक़ात हुई, उस रोज मैं दिल्ली में था। आज दिल्ली में मिर्जा ग़ालिब पिक्चर चल रही है। इसकी कहानी इसी दिल्ली में, मोरी गेट में बैठ कर मंटो ने लिखी थी।' 'मिर्जा ग़ालिब' 1954 में रिलीज हुई तो उसकी स्पेशल स्क्रीनिंग राष्ट्रपति भवन में भी हुई। मिर्जा गालिब ने अखिल भारतीय सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए राष्ट्रपति का स्वर्ण पदक और हिंदी में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए राष्ट्रपति का रजत पदक जीता। मिर्जा गालिब फिल्म ने उस अजीम शायर को जिंदा कर दिया था। इसका श्रेय मंटो को भी जाता है।

## घृणा का अर्थ आत्मा द्वारा आत्मा का विनाश

सब प्रकार की घृणा का अर्थ है आत्मा के द्वारा आत्मा का विनाश। प्रेम ही जीवन का यथार्थ नियामक है। प्रेम कभी निष्फल नहीं जाता। चाहे आज हो, चाहे सैकड़ों युगों के पश्चात प्रेम की विजय होगी और जरूर होगी। क्या तुम मनुष्य जाति से प्रेम करते हो? भगवान की खोज में कहीं जाते हो? दरिद्र दुखिया और दुर्बल क्या ये सभी तुम्हारे ईश्वर नहीं हैं। पहले उनकी उपासना क्यों नहीं करते? गंगा किनारे रहकर कुआं किसलिए खोदते हो। प्रेम की सर्वशक्तिमान पर विश्वास करना सीखें। क्या तुम्हारे हृदय में प्रेम है। यदि है तो तुम सर्वशक्तिमान हो। क्या तुम्हें एक भी कामना नहीं कामनाओं से बिलकुल विहीन हो। यदि ऐसा है तो तुम्हारी शक्ति को रोकने की सामर्थ्य किसमें है। अपने चरित्र के बल से मनुष्य सब जगह विजयी हो सकता है। भगवान आपकी संतान की रक्षा समुद्र के भीतर भी किया करते हैं। तुम्हारी मातृभूमि वीर संतान मांगती है। तुम लोग वीर बनो। जिनकी समदृष्टि हो गई है, वे ब्रह्म में अवस्थित माने जाते हैं। प्रेमावस्था को प्राप्त करना सिद्धावस्था है, किंतु हम जितना ही सिद्धि की ओर अग्रसर होते हैं, उतना ही कम काम करते हैं। सात्विक व्यक्ति समझते और देखते हैं कि सब कुछ खिलवाड़ मात्र है, इसी से वे किसी चीज में सिर नहीं खपाते। निर्विघ्न उद्देश्य सिद्धि के लिए चटपट कोई काम कर डालना उचित नहीं, सिद्धि प्राप्ति के लिए इन तीनों गुणों पवित्रता, सहनशीलता और अध्यवसाय और सबसे अधिक प्रेम की आवश्यकता है।

## ज्ञान मार्ग नहीं, तो दूसरा विकल्प है भक्ति

धर्म आत्म विस्मरण नहीं है, धर्म है परिपूर्ण रूप से आत्म स्मरण। स्वयं को भूल नहीं जाना है, स्वयं को उसकी परिपूर्णता में जान लेना है। स्वयं को किसी में डुबा नहीं देना है, बल्कि खुद को अपनी समग्रता में पहचान लेना है। ज्ञान ही रोक लेता है, अटका लेता है। ज्ञान का बोझ मन को इतना भारी कर देता है कि फिर सत्य तक की यात्रा करना कठिन हो जाती है। ज्ञान के तट से जिनकी नाव बंधी है, वे सत्य के सागर में यात्रा नहीं कर सकेंगे। स्वभावतः यदि ज्ञान मार्ग नहीं है, तो एक दूसरा विकल्प है भक्ति और कल्पना का। यदि ज्ञान सत्य का द्वार नहीं है, तो फिर भक्ति है, समर्पण है, भावना है, कल्पना है। भक्ति भी मार्ग नहीं है। यदि ज्ञान मार्ग नहीं है, तो कल्पना तो और भी मार्ग नहीं हो सकती है। ज्ञान यदि द्वार नहीं है, तो स्वप्न तो और भी द्वार नहीं हो सकता है। ज्ञान है तर्क भक्ति है स्वप्न। ज्ञान है विचार, भक्ति है कल्पना। मनुष्य का मन या तो तर्क करना जानता है या कल्पना। मनुष्य के मन की क्षमता है उन स्वप्नों को देख लेने की, जो वास्तविक नहीं हैं। बल्कि मन जिन बातों को देखना चाहता है, स्वप्न या कल्पना में उन्हें देख लेता है। जिसे जीवन में नहीं उपलब्ध कर पाता, उसे सपने में पा लेता है। हम सभी सपने देखते हैं। स्वप्न परिपूरक हैं। जिंदगी में यथार्थ में जो नहीं मिलता, स्वप्न उसे पूरा कर देते हैं। तो जिस सत्य को ज्ञान से, विचार से नहीं खोजा जा सका, सोचा होगा कि उसे हम स्वप्न, कल्पना से और भावना से पा लेंगे। लेकिन मनुष्य का मन जो भी कल्पना करेगा, वह उसके मन की सृष्टि होगी जो सत्य नहीं है।

# इस बार न्यू ईयर पार्टी बिना शराब के

**एक्साइज** डिपार्टमेंट के मुताबिक, साल 2023 में 31 दिसंबर को दिल्ली में शराब की रिकॉर्ड बिक्री हुई। एक दिन में शराब की 24 लाख बोतलें बिक गईं। जबकि साल के बाकी दिनों में औसतन 18 लाख शराब की बोतलें बिकती हैं। वहीं उत्तर प्रदेश के आंकड़े देखें तो वहां औसतन रोज 115 करोड़ रुपए की शराब की बिक्री होती है, जबकि पिछले साल अकेले 31 दिसंबर और 1 जनवरी को 700 करोड़ रुपए की शराब बिकी। बीते कुछ दशकों में सबसे बड़ा नुकसान उन स्टडीज ने किया है, जिनमें बताया गया कि एक पैग शराब से कुछ नहीं होता है। साल 2022 में विश्व स्वास्थ्य संगठन की उस स्टडी ने तहलका मचा दिया था, जिसमें कहा गया था कि एक पैग तो छोड़िए एक बूंद शराब भी सेहत के लिए खतरनाक है। डब्ल्यूएचओ ने शराब को नंबर 1 कार्सिनोजेन की लिस्ट में शामिल किया है। कार्सिनोजेन का अर्थ है वो तत्व, जो कैंसर पैदा करते हैं। हम बचपन से यह सुनते आए हैं कि साल का पहला दिन जैसा बीतता है, बाकी दिन भी वैसे ही बीतते हैं। अगर आप शराब पीकर न्यू ईयर पार्टी कर रहे हैं तो निश्चित है कि नशे की हालत में नए साल में प्रवेश करेंगे। सुबह उठेंगे तो हैंगओवर होगा, डाइजेशन ठीक नहीं होगा और बहुत संभव है कि सिर भी दर्द से फट रहा होगा। इसलिए बेहतर है कि बिना शराब पिए न्यू ईयर पार्टी एंजॉय की जाए। आमतौर पर जब हम कुछ खाते या पीते हैं तो इसे पूरा पाचन तंत्र मिलकर पचाता है। जबकि शराब के मामले में पाचन के लिए अलग फंक्शनिंग होती है। इसे पचाने का पूरा जिम्मा सिर्फ लिवर का होता है। इसके लिए उसे बहुत मेहनत करनी पड़ती है। इससे लिवर की सेल्स भी डैमेज होती हैं। शराब न पीने से लिवर को आराम मिलेगा। अगले दिन यह ज्यादा फुर्ती से काम कर पाएगा। शराब के कारण ब्रेन के न्यूरोट्रांसमीटर्स का काम करने का तरीका बदल जाता है। इससे ब्रेन सेल्स भी डैमेज होती हैं। शराब के कारण सोचने-समझने की क्षमता और प्री फ्रंटल कॉरटेक्स की फंक्शनिंग प्रभावित होती है। प्री फ्रंटल कॉरटेक्स दिमाग का वही हिस्सा है, जो विवेक, निर्णय,



समझदारी के लिए जिम्मेदार है। इसलिए अगर पार्टी में शराब नहीं पिएंगे तो दिमाग ज्यादा खुशी का एहसास करेगा और इससे ब्रेन फंक्शनिंग भी अच्छी रहेगी। हमारे ब्लड में मौजूद सभी टॉक्सिन्स को छानकर शरीर से बाहर निकालने का जिम्मा किडनी का होता है। शराब हमारी ब्लड स्ट्रीम में मिल जाती है। इसे छानकर यूरिन के जरिए बाहर निकालने का काम किडनी करती है। अगर शराब नहीं पिएंगे तो किडनी के हिस्से का काम कुछ कम रहेगा, उसे राहत मिलेगी। शराब पीने से ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है और हार्ट बीट भी बढ़ जाती है। हार्ट मसल्स डैमेज होने से कार्डियोमायोपैथी भी हो सकती है। कुल मिलाकर हार्ट को ये बात बिल्कुल पसंद नहीं कि आप शराब पिएं। ये बात अलग है कि हार्ट ये बात बोल नहीं पाता। इसलिए अगर शराब के बिना न्यू ईयर पार्टी एंजॉय करेंगे तो हार्ट भी आपको थैंक यू बोलेगा। शराब के कारण पैंक्रियाज के पाचन एंजाइम तेजी से एक्टिव हो जाते हैं। शराब शुगर बढ़ाती है और शुगर इंसुलिन को एक्टिव करती है। हम जब भी शराब पीते हैं तो हमारे पैंक्रियाज को सामान्य से ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। पैंक्रियाज में इंफ्लेमेशन का भी एक बड़ा कारण शराब ही है। इसलिए इस न्यू ईयर आप तो पार्टी करिए ही, अपने पैंक्रियाज को भी करने दीजिए। शराब पीने से शरीर डिहाइड्रेट हो जाता है। इससे स्किन रूखी हो सकती है और झुर्रियां पड़ सकती हैं। शराब पीने से बार-बार पेशाब के लिए जाना पड़ सकता है। इसके कारण शरीर में विटामिन और मिनरल्स की कमी हो सकती है। इससे भी स्किन प्रभावित होती है। शराब पिए बिना पार्टी एंजॉय करने से स्किन हेल्दी और चमकदार बनी रहती है। शराब पीने से नशे के कारण यह एहसास हो सकता है कि बेहतर नींद आ रही है। जबकि इससे स्लीप क्वालिटी प्रभावित होती है। शराब के नशे के कारण नींद रैपिड आई मूवमेंट स्टेज में प्रवेश नहीं कर पाती है। इसलिए अगले दिन उठने पर शरीर में दर्द होता है और सिर दर्द होता है। अगर न्यू ईयर पार्टी में शराब नहीं पिएंगे तो अच्छी और गहरी नींद आएगी। शराब के नशे के कारण ब्रेन फंक्शनिंग बहुत ज्यादा प्रभावित होती है। इससे कॉन्संट्रेशन पावर और डिसीजन मेकिंग पर भी बुरा असर पड़ता है। अगर शराब पिए बिना पार्टी एंजॉय करेंगे तो दिमाग बेहतर काम करेगा और कॉन्संट्रेशन पावर भी इंप्रूव होगी। शराब के नशे में हम पार्टी को एंजॉय नहीं कर पाते हैं। पार्टी के दौरान दोस्तों के साथ या फैमिली के साथ बिताए वक्त की मेमोरी नहीं बन पाती है। अगर शराब नहीं पिएंगे तो खुशी के इन क्षणों को ज्यादा महसूस कर पाएंगे और अच्छी मेमोरी भी बनेगी। शराब पीने का एक बड़ा दुष्प्रभाव ये है कि अगले दिन हैंगओवर बना रहता है।

# एमएसपी गारन्टी कानून लागू करवाने की मांग को लेकर किसानों ने धरना लगाया



जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** एमएसपी गारन्टी कानून लागू करवाने की मांग को लेकर पंजाब-हरियाणा की सरहद पर खनौरी में किसानों का आंदोलन के समर्थन में खंड कार्यालय के आगे किसानों ने भूख हड़ताल करके धरना लगाया। किसान नेता सरदार जगजीत सिंह डल्लेवाल के आमरण अनशन 31 दिनों से चल रहे किसान आंदोलन को समर्थन देते हुए सूरतगढ़ में भारतीय किसान नौजवान यूनियन संगठन के जिलाध्यक्ष साहब राम सहारण के नेतृत्व में उपखंड कार्यालय के आगे एक दिन की सांकेतिक भूख हड़ताल करके धरना लगाया गया। जिलाध्यक्ष सहारण ने कहा किसान अपनी जायज मांग को लेकर पिछले 10 माह से केंद्र सरकार से गुहार लगा रहा है। लेकिन मोदी सरकार इस और बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रही। एमएसपी को लागू करवाने की मांग को लेकर बीते एक माह से आंदोलनकारी किसान नेता सरदार जगजीत सिंह डल्लेवाल भी भूख ह?ताल पर है और उनके स्वास्थ्य में गिरावट भी लगातार जारी है। सरकार को चाहिए कि वह डल्लेवाल के स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए आगे आकर किसानों से वार्ता करें और उनकी जायज मांग एमएसपी की गारंटी कानून बनाकर पूरे देश के किसानों को राहत प्रदान करें। किसान आंदोलन के समर्थन में उपखंड कार्यालय के आगे की गई इस सांकेतिक भूख हड़ताल में किसानों के साथ 11 वर्षीय बालक प्रवीण सहारण पुत्र साहब राम, कृष्ण लाल शाक्य, जरनैल सिंह, साहब राम सहारण, गुरमीत सिंह आदि भूख ह?ताल पर रहे। सांकेतिक अनशन कार्यक्रम के बाद किसानों ने शाम 5 बजे प्रधानमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी संदीप कुमार काकड़ को अपनी मांगों के संबंध में ज्ञापन दिया। इस दौरान किसान गुरमीत सिंह, रामकुमार, कृष्ण लाल, भजन लाल, विनोद कुमार, मलकीत सिंह, करनैल सिंह, गोपी राम, हरविंदर सिंह, चंद्रप्रकाश, प्रवीण सहित किसान भूख-हड़ताल धरने पर बैठे।

# विधायक ने किया 10.70 लाख के विकास कार्यों का शिलान्यास



जनमार्ग न्यूज

**खाटलबाना।** सीमावर्ती क्षेत्र के गांव खाट लबाना में क्षेत्रीय विधायक गुरवीर सिंह बराड़ द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 3 लाख की राशि विधायक कोटे से वॉलीबॉल ग्राउंड का शिलान्यास किया। इसी के साथ गांव में राजपूत श्री सनातन धर्म मंदिर के पास एफएफसी योजना के तहत 7.70 लाख की राशि से बनी इंटरलॉकिंग सड़क का भी उद्घाटन किया। इसी के साथ पूर्व सरपंच हंसराज गलगट व उप सरपंच रामप्रकाश मजोका ने सार्वजनिक शौचालय हेतु भी विधायक से आग्रह किया। वही ग्रामीण विनोद राजपूत व रोहित मिढ़ा द्वारा विधायक को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पिछले काफी समय से प्रिंसिपल का पद व लेक्चर पद को लेकर अवगत करवाया।क्योंकि बच्चो को 11 वीं 12 वीं में पढ़ाई को लेकर काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। गांव दो जी बड़ी ढाणी में भी सड़क को लेकर ग्रामीणों ने अवगत करवाया। इसी के साथ गांव में वाटर वर्क्स व पानी की समस्या को लेकर भी विधायक को ग्रामीणों ने अवगत करवाया तो विधायक ने कहा कि इस कार्य की जांच करवाकर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। इसी के साथ ग्रामीणों को राज्य सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए आमजन को इन योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने की भी अपील की। इस मौके पर सरदार बलदेव सिंह बराड़ ग्राम पंचायत की सरपंच सीमा देवी ग्राम विकास अधिकारी संदीप मोंगा, उप सरपंच रामप्रकाश मजोका, हिंदुमलकोट थाना प्रभारी महेश कुमार,रोहित मिढ़ा,रामस्वरूप मिढ़ा, अमृतपाल सिंह मंटू करनैल सिंह कचूरा, ओडकी सरपंच देवेंद्र सिंह ग्राम सेवक सहकारी समिति के अध्यक्ष राजकुमार राजपाल, भगवान दास असीजा मास्टर गुरदयाल सिंह, जसमत सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# सौलर एनर्जी सयंत्र स्थापित करने के नाम पर खेजड़ी की कटाई

## राजस्व बार संघ ने जिला बीकानेर में खेजडी पेड़ो को काटने के विरोध में अतिरिक्त कलेक्टर को का ज्ञापन



जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** राजस्व बार संघ ने जिला बीकानेर में सौलर एनर्जी सयंत्र स्थापित करने के नाम पर हरे खेजडी पेड़ो को काटने के विरोध में अतिरिक्त जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन दिया। अध्यक्ष आनंद स्वामी, सचिव अमित कुमार सैनी, अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सुथार ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर कन्हैयालाल सोनगरा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देखकर अवगत कराया कि सोलर एनर्जी कम्पनी द्वारा 172 खेजडी के पेड़ों को काट दिया गया है। जिसकी शिकायत समाज सेवी संस्थाओ द्वारा सम्बधित अधिकारीयो व राज्य सरकार व थाने में दर्ज करवाई गई है किन्तु उनके द्वारा कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की गई है और ना ही कोई ठोस कदम उठाया खेजडी वृक्ष राजस्थान का राज्य वृक्ष खेजडी है और पर्यावरण की दृष्टि से भी बहुत महत्वपूर्ण है। खेजडी वृक्ष के साथ साथ अन्य वृक्ष भी पर्यावरण को बचाये रखने के लिए अति आवश्यक है। इन सभी बातो का ज्ञान होने के पश्चात भी राज्य सरकार द्वारा व कम्पनी द्वारा हरे पेड़ो की कटाई बड़ी संख्या में की गई है जो कि दुखदायी व निन्दनीय है। जिला बीकानेर में सोलर एनर्जी कम्पनी द्वारा खेजडी के हरे वृक्ष को काटने के विरोध स्वरूप बीकानेर बन्द का आवहान किया गया है , राजस्व बढ़ संघ बीकानेर बन्द का पूर्ण रूप से समर्थन व सहयोग करता है। ज्ञापन अवगत करवाया जा रहा है कि आप खेजडी व अन्य हरे पेड़ों की कटाई को तुरन्त प्रभाव से रूकवाये तथा दोषी कम्पनी के कर्मचारियो के विरुद्ध कानुनी की की जावे अन्यथा इस आन्दोलन को पूरे राजस्थान में चलाया जायेगा।

## कांग्रेस 26 जनवरी से संविधान बचाओ पद यात्रा निकालेगी

**बेंगलुरु ( जनमार्ग न्यूज )।** कर्नाटक के बेलगावी में कांग्रेस के 39वें अधिवेशन के 100 साल पूरे होने पर दो दिवसीय अधिवेशन (26 और 27 दिसंबर) हो रहा था। कर्नाटक के बेलगावी में गुरुवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक हुई जिसमें 26 जनवरी 2025 से संविधान बचाओ राष्ट्रीय पद यात्रा शुरू करने का फैसला लिया गया। बैठक के पहले दिन मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने स्पीच दी। सोनिया गांधी अधिवेशन में शामिल नहीं हुईं, लेकिन उन्होंने पत्र के जरिए कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

# अग्रवाल चेतना समिति ने तुलसी पूजन कर आध्यात्मिक व औषधीय महत्व बताया

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** अग्रवाल चेतना समिति, श्रीगंगानगर द्वारा तुलसी पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अग्रसेन नगर स्थित अग्रसेन वाटिका में हुए इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम समस्त पदाधिकारियों, सदस्यों तथा महिलाओं-पुरुषों ने मंत्रोच्चारण के साथ तुलसी माता का पूजन किया। अध्यक्ष हेमंत नागौरी ने तुलसी के आध्यात्मिक तथा औषधीय महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि तुलसी का पौधा 24 घंटे ऑक्सीजन देकर पर्यावरण में महत्वपूर्ण योगदान देता है। तुलसी गुणों की खान है तथा औषधीय गुण होने के कारण अनेक रोगों में लाभदायक है। तुलसी के पौधे को अत्यंत पूजनीय माना गया है। वैज्ञानिकों के अनुसार तुलसी एंटीऑक्सीडेंट व एंटीबायोटिक का भी कार्य करती है तथा इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इसके साथ-साथ धार्मिक ग्रंथों में भी इसका काफी महत्व बताया गया है। उन्होंने भारतीय संस्कृति व गौरवशाली इतिहास को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया।

वरिष्ठ नागरिक समाजसेवी मदन जोशी ने कहा कि हमारे पूर्वज वैज्ञानिक दृष्टिकोण से युक्त थे। उन्होंने हमारी भावना को धर्म से जोड?र हमें सही राह दिखाई है। लेकिन हम आज भी अज्ञानवश उनकी बातों को नजरअंदाज कर रहे हैं। भारतीय संस्कृति की महिमा अपरम्पार है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को भारतीय धर्म-संस्कृति से अवश्य जुडना चाहिए।



कोषाध्यक्ष अशोक ने अपने सम्बोधन में कहा कि पाश्चात्य सभ्यता तथा दिखावे के कारण हमें सनातन धर्म तथा भारतीय संस्कृति को नहीं भूलना चाहिए। वक्ताओं ने अपने ओजस्वी विचारों में कहा कि जीवन का सर्वांगीण उत्थान भारतीय संस्कृति में ही निहित है। बच्चों को सनातन संस्कृति तथा वेदों का ज्ञान अवश्य सीखना चाहिए। इसके साथ-साथ विद्यालयों में भी अवश्य एक कालांश निर्धारित किया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ी आधुनिकता के साथ-साथ भारतीय संस्कृति से सदैव जुड़ी रहे। कार्यक्रम संयोजक प्रवीण गुप्ता तथा निर्मल मित्तल ने सफल आयोजन के लिए सबका आभार व्यक्त किया तथा बच्चों को भारतीय संस्कृति से जोड़ने का संकल्प दिलाया।

## रमजान अली चोपदार को मिली पीएचडी की उपाधि

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** गुरुवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रम?ान अली चोपदार को टांटिया विश्वविद्यालय श्रीगंगानगर की ओर पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। रमजान अली चोपदार ने अपना शोध प्रबंधन भारतीय राज्यों की चुनाव प्रकिया में मुस्लिम वर्ग का योगदान सन 1945-1946 के विशेष सन्दर्भ मे विषय पर डॉक्टर नीलम शर्मा सहायक प्रोफेसर इतिहास विभाग टांटिया विश्वविद्यालय के निर्देशन में शोध पूरा किया है। बाहरी परीक्षक डॉ.दिनेश कुमार चारण विभागाध्यक्ष इतिहास विभाग,राजकीय लोहिया कॉलेज चूरू थे। डॉ.रमजान अली चोपदार ने अपने गुरुजन डॉ दिनेश कुमार जी चारण,डॉ नीलम शर्मा जी का आभार प्रकट किया है



# 'सफ़र ए शहादत' का समापन कल

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** जी ब्लॉक स्थित गुरुद्वारा श्री गुरुनानक दरबार में चल रहे समागम सफर ए शहादत में आज रात के दीवान में श्री दरबार साहिब अमृतसर के हुजूरी रागी जत्था भाई सिमरनजीत सिंह संगत को कीर्तन द्वारा गुरू चरणों से जोड़ेंगे। गुरुद्वारा प्रधान गुरबचनसिंह वासन ने बताया कि इनके अलावा समागम के दौरान रोजाना गुरुद्वारा साहिब के हुजूरी कथावाचक ज्ञानी संतोख सिंह एवं रागी जत्था भाई हरविंदर सिंह हीरा भी कथा कीर्तन द्वारा संगत को निहाल कर रहे हैं, साथ ही रोजाना गुरु का अटूट लंगर बरताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समागम के तहत कल शुक्रवार शाम के अंतिम कीर्तन दीवान में श्री दरबार साहिब अमृतसर के हुजूरी रागी जत्था भाई गुरमेल सिंह गुरु महिमा का गुणगान करेंगे। समागम की सम्पूर्णता शनिवार सुबह होगी। गौरतलब है कि शहीदी दिहाड़ों पर चल रहे समागम के दौरान गुरु नानक नाम लेवा संगत द्वारा रोजाना गर्म दूध व चाय का प्रसाद भी बरताया जा रहा है।

## श्री सहज पाठ धर्म प्रचार कमेटी द्वारा शहीदी दिहाड़ों में सांध्यफेरी का आयोजन कल

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** श्री सहज पाठ धर्म प्रचार कमेटी द्वारा चार साहिब जादे, माता गुजर कौर, भाई मोती राम मेहरा व अनेक सिंघ सिंघनिओं की शहादत को समर्पित समागम सफर ऐ शहादत के तहत 28 दिसम्बर, शनिवार सांय 4 बजे पदमपुर रोड स्थित गुरुद्वारा धन-धन बाबा दीप सिंह जी शहीद से विशाल संध्याफेरी निकाली जाएगी। संस्था सेवादार सुखदेव सिंह पंछी ने बताया कि सांध्यफेरी पदमपुर रोड गुरुद्वारा साहिब से आरंभ होकर खालसा नगर, सेतिया कालोनी गुरुद्वारा रामदास साहिब, विनोबा बस्ती स्थित गुरुद्वारा कलगीधर साहिब, रमेश चौक, चांडक कोठी, सुखाड़िया सर्किल, खुराना पैलेस, इंदिरा कॉलोनी, गौशाला रोड व डी ब्लॉक वकीलों वाली डिग्गी के नजदीक गुरुद्वारा शिरोमणी भगत नामदेव साहिब से होते हुए शाम को जी ब्लॉक स्थित गुरुद्वारा श्री गुरुनानक दरबार में पंहुचेगी, जहां गुरु का अटूट लंगर बरताया जाएगा। सांध्य फेरी की तैयारियों को लेकर संस्था के सेवादार जसवंत सिंह (गतका मास्टर), अंग्रेज सिंह, जसपाल सिंह गुम्बर, अरविंदर पाल सिंह पंछी, अमरजीत सिंह शेरी, गुरप्रीत सिंह आशु पंछी, कमलजीत सिंह, डॉ. लखविन्द्र सिंह व गुरप्रीत सिंह चौधरी सेवा में जुटे हैं।

# 125 बच्चों को स्वर्णप्राशन दवा पिलाई

## स्वर्णप्राशन के महत्व के बारे में जानकारी दी

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** विद्या भारती द्वारा संचालित आदर्श विद्या मन्दिर विद्यालय में बृहस्पतिवार को 16 वर्ष तक के बच्चों के लिए निःशुल्क स्वर्णप्राशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय व्यवस्थापक सुरेन्द्र चनानी ने बताया कि हनुमानगढ़ रोड बालाजी धाम के समीप स्थित आदर्श विद्या मन्दिर विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में आयुर्वेदाचार्य डॉ. वरूण गुप्ता, डॉ. अभिषेक भार्गव, डॉ. स्वाति चौधरी, डॉ. पूजा बिश्नोई तथा डॉ. रेजूल गुप्ता द्वारा विद्यार्थियों सहित आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले 16 वर्ष तक के 125 बच्चों को रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, मेमोरी पावर बढ़ाने तथा अनेक



रोगों से बचाने में लाभदायक स्वर्णप्राशन आयुर्वेदिक औषधि निःशुल्क पिलाई गई। इस मौके पर डॉ. वरूण गुप्ता ने स्वर्णप्राशन के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि यह रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, त्वचा पोषण, पाचन शक्ति बढ़ाने, शारीरिक व मानसिक विकास, वाक शक्ति, स्पष्ट शब्दोचार, एलर्जी रोग सहित अनेक रोगों में अत्यंत उपयोगी है। इस अवसर पर बीकानेर श्रीगंगानगर विभाग के गौसेवा प्रमुख रूक्मानंद गोयल, विद्यालय व्यवस्थापक सुरेन्द्र चनाणी, सीताराम जलंधरा, अरविन्द स्वामी, राजकुमार बंसल, सुमन गर्ग, प्रधानाचार्य गीता सामंत, रविन्द्र गुप्ता, बालाराम सहित विद्यालय स्टाफ, विद्यार्थी, बालक-बालिकाएं एवं अभिभावक उपस्थित थे।

# अन्नपूर्णा जिला चाट यूनियन की बैठक सम्पन्न



**श्रीगंगानगर।** अन्नपूर्णा जिला चाट यूनियन के पदाधिकारियों व सदस्यों की मीटिंग का आयोजन अमर पैलेस में हुआ जिसकी अध्यक्षता राजकुमार जोग ने की, जिसमें समय अवधि को लेकर विचार किया गया जो कि सुबह के काम का समय 3 बजे तक निर्धारित किया गया व रात के शादी के समय 12 बजे तक निर्धारित किया गया। प्रधान पप्पू शर्मा, उपप्रधान रामकुमार जी, महासचिव कालूराम जी, सचिव दीपक कुमार, कोषाध्यक्ष बलवीर कश्यप, संगठन मंत्री सतनारायण, प्रचार मंत्री बसंत कश्यप, उपमहासचिव संजू कश्यप, सदस्य टोनी, मोहन मेहरा, राहुल कुमार व सैंकड़ो सदस्यों ने समय अवधि को लेकर खुशी जताई। श्रीगंगानगर के सभी शादी विवाह बुक करवाने वाले लोगों से निवेदन किया कि आप समय अवधि में सहयोग अवश्य करें।

# भीम आर्मी की जिला कार्यकारिणी का गठन तथा तहसील अध्यक्ष घोषित

## समीक्षा बैठक 29 दिसम्बर को होगी: सोहनलाल जनागल

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** भीम आर्मी, भारत एकता मिशन, श्रीगंगानगर की बैठक जिला संयोजक सोहनलाल जनागल की अध्यक्षता में जी ब्लॉक स्थित जिला कार्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों पर विचार-विमर्श किया गया तथा विचार-विमर्श के पश्चात् सर्वसम्मति से जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया तथा तहसील अध्यक्ष घोषित किए गए। जिला संयोजक सोहनलाल जनागल ने बताया कि जिला कार्यकारिणी में जिला सह संयोजक श्योपत राम भलुंडिया, मनोज कुमार जाटव, जगसीर मेहरड़ा, भीमसेन



घुघरवाल व गुरुबचन सिंह, जिला सचिव गोपीराम, रवि कुमार, सुखराम, सुरेन्द्र कुमार सोनी, मनफूल सिंह, कृष्ण लाल जसेल व कुलदीप कड़वा, आईटी सेल जिला प्रभारी रमेश लोथिया तथा सोशल मीडिया जिला प्रभारी कृष्णा जाटव को बनाया गया है। उन्होंने तहसील अध्यक्ष घोषित करते हुए बताया कि निर्मल सिंह सहोता को गजसिंहपुर तहसील, वेदप्रकाश बौद्ध को पदमपुर तहसील, संदीप मेहरड़ा को सादुलशहर तहसील, रामप्रताप साहू को श्रीगंगानगर तहसील तथा विनोद कुमार नायक को सूरतगढ़ तहसील के अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। जिला संयोजक सोहनलाल जनागल ने समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से 29 दिसम्बर, रविवार को दोपहर 12 बजे अम्बेडकर वेलफेयर सोसायटी, झालाना डूंगरी, जयपुर में आयोजित समीक्षा बैठक में पहुंचकर संगठनात्मक एकता का परिचय देकर बैठक को सफल बनाने का आह्वान किया।




बच्चों, नया साल आने वाला है! तुम पुराने साल 2024 को अलविदा कहोगे और नए साल 2025 का स्वागत बड़े उत्साह-उमंग से करोगे। साथ ही कुछ ऐसा नया करने का भी संकल्प लो, जो तुम्हारी बेहतरी के लिए जरूरी है। बच्चों, नए साल पर तुम क्या नया कर सकते हो, जानो।

# नए साल में नया उत्साह-उमंग

बच्चों, नया साल सिर्फ पार्टी और मौज-मस्ती तक ही सीमित नहीं होना चाहिए, नया साल तो वह अवसर है, जब तुम कोई अच्छी नई शुरुआत कर सकते हो, अपने जीवन में कुछ नया और अच्छा करने का संकल्प ले सकते हो। इस बार नए साल पर कुछ नया और अलग क्या कर सकते हो, हम यहां तुम्हें बता रहे हैं।

## नए साल पर हो धमाल पार्टी

पार्टी का नाम आते ही जोरदार संगीत, नाचते-झूमते लोग और बहुत सारी टेस्टी डिशेज याद आ जाती हैं। लेकिन बच्चों, क्या तुमने नए साल पर कभी थीम पार्टी के बारे में सोचा है? जैसे, पायजामा पार्टी, कहानी सुनाओ पार्टी या फिर चुटकुले सुनाने वाली पार्टी? इस बार तुम अपने दोस्तों को घर बुलाओ और उनसे कहो कि सब अपनी कोई फनी ड्रेस पहनकर आएं। फिर मिलकर चेयर रेस, म्यूजिकल चेयर या अपने खुद के बनाए अजीबो-गरीब खेल खेलो, खूब मजा आएगा। इस पार्टी में मिठाई हो, गुब्बारे हों और ढेर सारी हंसी-खुशी भी हो।

## पुराने साल को करो मुस्कुराते हुए विदा

कुछ नया करने से पहले पुराने की विदाई अच्छे से करनी चाहिए। पुराने साल ने तुम्हें बहुत सारी प्यारी यादें दी होंगी। इन यादों को संजो कर रखो। अपने परिवार और दोस्तों के साथ बैठकर एक बड़ा-सा पोस्टर बनाओ, इस पर लिखो कि इस साल सबसे ज्यादा तुम्हें क्या अच्छा लगा। अगर कुछ ऐसा है, जो तुम बीते साल में ठीक से नहीं कर पाए हो तो उनकी एक लिस्ट बना लो, फिर संकल्प लो कि नए साल में इन अधूरे कामों को जरूर पूरा करोगे।

## नया साल नई शुरुआत



नया साल सिर्फ डेट बदलने का नाम नहीं है। यह एक मौका है खुद को पहले से बेटर बनाने का। तुम खुद से कुछ वादे करो, जैसे- इस साल हर रोज कम से कम एक दो घंटे सेल्फ स्टडी करेंगे, घर के कामों में अपने मम्मी-पापा की मदद करेंगे, मोबाइल और दूसरे गैजेट्स का प्रयोग कम करके आउटडोर गेम्स ज्यादा खेलेंगे।

## खुद को बनाओ सुपरहीरो

सुपरहीरो बनना अच्छा लगता है, है ना! तो इस बार नए साल पर तुम असली सुपरहीरो बनो, किसी जरूरतमंद की मदद करके। तुम्हारे पास जो चीजें हैं, उनमें से जो तुम इस्तेमाल नहीं करते हो, उसे बांट दो। पुराने खिलौने, किताबें या कपड़े जो भी तुम्हारे पास है, गरीब बच्चों को दे दो, वे बहुत खुश होंगे।

## मिठाई का स्वाद लेना भी है जरूरी

नए साल पर कुछ मीठा होना तो बनता है। मम्मी के साथ किचेन में जाओ और कोई मीठी डिश बनाने में उनकी मदद करो जैसे केक, गुलाब जामुन या फिर गाजर का हलवा। जब तुम कोई डिश खुद बनाओगे तो वह और भी स्वादिष्ट लगेगी। अगर वह डिश मम्मी-पापा के साथ बनाई होगी तो स्वाद कई गुना बढ़ जाएगा।



## पेड़ लगाकर मनाओ नया साल

बच्चों, इस बार नए साल की शुरुआत थोड़ा हटके करो। क्या तुम जानते हो कि पेड़ हमारे सबसे अच्छे दोस्त होते हैं? ये हमें सांस लेने के लिए ऑक्सीजन देते हैं, फल देते हैं, तो क्यों ना नया साल इनके साथ मनाएं! एक छोटा पौधा लगाएं और उसको अपना नया दोस्त बनाएं, इसकी देखभाल करें, खाद पानी दें ताकि वह बड़ा होकर लोगों को शीतल छाया दे, फल-फूल दे।



## परिवार के साथ बिताएंगे स्पेशल टाइम

नया साल सिर्फ दोस्तों के साथ ही नहीं, परिवार के साथ भी खास बनाया जा सकता है। नया साल अपने मम्मी-पापा, दादी-दादा या भाई-बहन के साथ भी बिताओ। बच्चों, तुम इनके साथ मिलकर कोई गेम जैसे लूडो, सांप-सीढ़ी खेल सकते हो। अंताक्षरी भी एक मनोरंजक गेम है।

## देखो नए सपने

नया साल नए सपने देखने का समय है। अपने सपनों के बारे में सोचो और उन्हें पूरा करने की योजना बनाओ। जैसे अगर तुम पेंटर बनना चाहते हो तो पेंटिंग की प्रैक्टिस करो। अगर सिंगर बनना है तो गाना सीखो, रोज रियाज करो। बच्चों याद रखो, कोई भी सपना छोटा या बड़ा नहीं होता। कड़ी मेहनत से अपने हर सपने को पूरा किया जा सकता है।

बच्चों, नया साल नई शुरुआत का समय है। इसे हंसी-खुशी के साथ मनाओ और हां सबको हैप्पी न्यू ईयर कहना ना भूलना! *

# कब से शुरू हुआ न्यू ईयर सेलिब्रेशन



बच्चो, हर वर्ष फर्स्ट जनवरी को दुनिया भर में बड़े उत्साह-उमंग से नए साल की शुरुआत को सेलिब्रेट किया जाता है। क्या तुम जानते हो कि इस सेलिब्रेशन की शुरुआत कब से और कहा से हुई? जानो, न्यू ईयर सेलिब्रेशन से जुड़ी कुछ रोचक बातें।

बच्चों, पूरी दुनिया में फर्स्ट जनवरी को नया साल बड़ी धूमधाम मनाया जाता है। अलग-अलग कालखंड में विभिन्न सभ्यता-संस्कृतियों में नए साल का जश्न मनाने की परंपरा अलग-अलग रूप में विकसित हुई। आओ जानते हैं इसके बारे में-

**हजारों साल पुरानी है परंपरा:** नए साल का जश्न मनाने का सबसे पुराना रिकॉर्ड लगभग 4000 ईसा पूर्व यानी आज से लगभग 6000 वर्ष पूर्व का है। मान्यता है कि उस समय बेबीलोन में नए साल पर जश्न मनाया जाता था। इस आधार पर कहा जा सकता है कि सबसे पहले नए साल का जश्न मनाना बेबीलोनिया (मेसोपोटामिया) सभ्यता के लोगों ने शुरू किया था।

**अलग था नाम और मनाने का ढंग:** बेबीलोनिया सभ्यता के लोग नए साल पर एक उत्सव मनाते जरूर थे, लेकिन तब इसका नाम और इसे मनाने के तौर-तरीके बिल्कुल अलग थे। उस दौर में इसे 'अकितू' फेस्टिवल कहा जाता था। तब यह वसंत विषुव (स्प्रिंग एक्विनॉक्स) के समय यानी मार्च के महीने में मनाया जाता था।

**भारत में न्यू ईयर सेलिब्रेशन की शुरुआत:** भारत में न्यू ईयर सेलिब्रेशन की बात करें, तो यहां अंग्रेजों के आने से पहले तक ग्रेगोरियन कैलेंडर के मुताबिक यानी एक जनवरी को नए साल का जश्न मनाए जाने की कोई परंपरा नहीं थी। हमारे यहां सांस्कृतिक, धार्मिक और भौगोलिक विविधताओं के कारण अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों और समुदायों में अलग-अलग तिथियों में नव वर्ष मनाए जाते थे। भारत में वर्तमान स्वरूप में नए साल का जश्न मनाने की शुरुआत ब्रिटिश काल के समय हुई। *

## भारत के प्रांतों में अलग-अलग नामों से नव वर्ष के उत्सव

भारत के अलग-अलग क्षेत्रों में वहां के धार्मिक-सांस्कृतिक कैलेंडरों के अनुसार नया साल का जश्न मनाया जाता है।



उत्तर भारत में ज्यादातर लोग चैत्र नवरात्र पर अपना नव वर्ष मनाते हैं। पंजाब में बैशाखी पर नया साल मनाया जाता है। तमिलनाडु में पोंगल के समय, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में उगादी पर्व के अवसर पर, जबकि महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा पर नव वर्ष मनाए जाने की परंपरा है।

# नए साल पर नया अंदाज

बच्चों ने चाहा कि नए साल पर क्लास में मैडम कुछ नया कराएं ताकि वे एन्जॉय कर सकें। बच्चों ने कुछ फरमाइशें भी रख दीं- पिकनिक चलें, डांस करें, गेम्स खेलें, कहानी, कविता सुनाएं। मैडम बच्चों की ये फरमाइशें पूरी करने के लिए राजी थीं, लेकिन उन्होंने एक शर्त रख दी। क्या बच्चे मैडम की शर्त पूरी कर सके, उनकी फरमाइशें पूरी हो सकीं?




साल बीतने में बस तीन दिन शेष थे। बच्चों में नए साल को लेकर बड़ा उत्साह था। सब क्लास में नए साल को लेकर अपनी-अपनी प्लानिंग बता रहे थे। अचानक क्लास टीचर मैडम ने इंट्री की तो सभी ने एक स्वर में 'गुड मॉर्निंग मैडम' कहकर मैडम का अभिवादन किया। मैडम के आ जाने से क्लास में हो रहा शोरगुल भी बंद हो गया था। मैडम ने चाक उठाई, ब्लैक बोर्ड की ओर घूमीं तो देखा, उस पर किसी ने लिख रखा था-

'मैडम प्लीज! नए साल में कुछ नया कराइए न!'

'किसने लिखा ये?' मैडम के सवाल पर जैसे सबको सांप सूंघ गया। कोई कुछ नहीं बोला। 'अगर नहीं बताओगे तो आपकी बात बिलकुल नहीं मानूंगी।', मैडम ने थोड़े नर्म लहजे में कहा। 'और मैडम, बता दें तो मान जाएंगी न?' अतुल एकदम पूछ बैठा। मैडम मुस्कुराईं, 'अच्छा! पहले इधर आओ।'

अतुल सहमा-सहमा सा उनकी तरफ बढ़ा। मैडम ने उसे चाक देते हुए कहा, 'ब्लैक बोर्ड पर यही वाक्य तुम लिखो।'

'म ...मैं?' अतुल के माथे पर सर्दी के दिनों में पसीने की बूंदें चमक उठीं।

'लिखो.. लिखो..।' मैडम ने कहा।

'स.. सा.. सॉरी मैडम! इसे मैंने ही लिखा था।' अतुल नजरें नीची कर धीमे स्वर में बोला। 'अरे! तो इसमें डरने की बात क्या है? अगर तुम सबकी इच्छा है तो जरूर कुछ नया किया जाएगा।' मैडम ने कहा तो अतुल के साथ-साथ पूरी क्लास चहक उठी, 'थैंक यू मैडम!' 'तो बताओ, क्या नया किया जाए?' मैडम के इस सवाल पर बच्चों के जवाब क्लास में गूंजने लगे,'मैडम! पिकनिक।', 'नहीं मैडम! डांस।', 'नहीं मैडम! कविता।', 'नहीं, नहीं! कहानी।' 'नहीं, नहीं मैडम! गेम।', 'नहीं मैडम! टूर, टूर।'... शोर सुनकर मैडम बोलीं, 'ऐसे शोर करोगे तो मैं आपकी कोई बात नहीं मानूंगी।' क्लास की आवाज एकदम धीमी पड़ गई।

मैडम मुस्कुराईं। फिर कहा, 'मैं सारे क्लास की बात मानूंगी, लेकिन पहले...'

'क्या, क्या...' बच्चे बीच में ही बोल उठे।

'..आपने इस साल जो भी संकल्प यानी रिजॉल्यूशंस लिए थे, उनमें से कोई भी पांच अभी लिखकर दिखाओ।' मैडम ने अपनी बात पूरी की।

'जी मैडम।' और सारे बच्चों के पेन, कॉपियों पर तेजी से चलने लगे। पांच मिनट में ही बच्चों की आवाजें गूंजने लगीं, 'लिख लिया मैडम, दिखाएं?'

'मैं खुद आती हूं।' मैडम ने सारी क्लास का निरीक्षण किया। लगभग सारे बच्चों के अधिकांश संकल्प एक जैसे थे- 'मैं इस वर्ष आलस नहीं करूंगा।', 'मुझे इस वर्ष क्लास में फर्स्ट आना है।', 'मैं किसी से झूठ नहीं बोलूंगा।', 'मैं इस साल बिल्कुल शैतानी नहीं करूंगा।', 'मैं अपना काम खुद किया करूंगा।' एक दो बच्चों ने कुछ नहीं लिखा था। उन्होंने कहा कि संकल्प तो डायरी पर लिखे थे। साल भर होने को आया, इसलिए भूल गए हैं। डायरी घर जाकर देखेंगे तो कल बता देंगे। मैडम गंभीर हो उठीं, 'संकल्प क्या भूलने के लिए किए जाते हैं?'

एक दो बच्चों के संकल्प देखकर मैडम को हंसी भी आई। सार्थक ने लिखा था, 'मुझे इस वर्ष एक क्विंटल चॉकलेट खानी है।' विवेक ने लिखा, 'मैं सुबह जल्दी नहीं जाग पाता। डांट पड़ती है। इस साल जल्दी जागूंगा।' रिद्धि ने लिखा था, ' मैं ड्राइंग तो बना लेती हूं लेकिन रोटी नहीं बना पाती। इसलिए इस साल रोटी बेलना सीखूंगी।'

मैडम ने पूछा, 'तो सच-सच बताओ। कितने बच्चों के कौन से संकल्प पूरे हुए? कौन से बाकी हैं?' सारी क्लास शांत थी। जैसे कोई चोरी पकड़ी गई हो। किसी का भी कोई संकल्प पूरा नहीं हुआ था।

सब कह रहे थे, हम ये संकल्प फिर से लेंगे। इन्हें इस बार अवश्य पूरा करेंगे।

मैडम ने समझाया, 'बच्चो! यही तो प्रॉब्लम है। हम संकल्प लेते हैं और फिर भूल जाते हैं या फिर उन्हें पूरा ही नहीं कर पाते हैं। हम जो भी संकल्प लें, उन्हें पूरी दृढ़ता के साथ पूरा करने में जुट जाएं। जिससे साल के अंत में कोई भी पुराना संकल्प अधूरा न रहे।'

मैडम की बात पर बच्चों ने हामी भरी। लेकिन सबका मन उदास हो गया था। रजत ने मायूस होकर पूछा, 'तो मैडम, आप ब्लैक बोर्ड पर लिखी हमारी रिक्वेस्ट पूरी नहीं करेंगी?' 'डोंट वरी, बिल्कुल करूंगी। नए साल में आपके स्कूल में चिल्ड्रेंस लिटरेचर फेस्टिवल होगा। उसमें खूब मजा आएगा। दूर-दूर से लेखक आ रहे हैं। वे आपसे बातें करेंगे। आपको उनके सामने एक नाटक भी करना है। नाटक में तो कहानी, कविता, डांस सब कुछ हो जाता है न। फिर एक दिन लेखकों के साथ आपका एक टूर भी जाएगा। तो समझो, आप सबकी तो सारी फरमाइशें पूरी हो जाएंगी।'

इतना सुनते ही सारे बच्चों की तालियां गूंज उठीं। मैडम बोलीं, 'तो आओ, मेरे साथ मैदान में चलो। गुनगुनी धूप में आपको एक नाटक की थीम सुनाते हैं और तय करते हैं कि कौन-सा रोल किसे करना है?' सारे बच्चे हंसते-चहकते मैडम के पीछे-पीछे चल दिए। यह उनका यादगार न्यू ईयर सेलिब्रेशन होने वाला था। *

# बिना आयरन हटाएं कपड़ों की सिलवटें



साफ-सुथरे और एकदम टिप-टॉप कपड़े पहनना किसे पसंद नहीं है, लेकिन कपड़े धोने-सुखाने के बाद उन पर सिलवटें पड़ जाती हैं। इसे दूर करने के लिए हम आयरन (प्रेस) का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि कई बार ऑफिस या कॉलेज जाने की इतनी जल्दी होती है कि आयरन करने का समय ही नहीं होता। ऐसे में सिलवटों वाले कपड़े पहनना मजबूरी हो जाती है। या कभी ऐसा भी हो सकता है कि आयरन खराब हो, प्रेस वाले के यहां से कप? आए न हों तो भी सिकुड़ी हुई शर्ट पहननी पड़ती है। कुछ कपड़ों पर सिलवटें जल्दी दिखाई देने लगती हैं। भले ही हम उनकी कितनी भी देखभाल क्यों न करें। आमतौर पर जिन कपड़ों का फैब्रिक पतला होता है, उनमें धोने के दौरान सिलवटें पड़ने की संभावना अधिक होती है। जैसेकि सिल्क और कॉटन। जबकि पॉलिएस्टर, नायलॉन, एक्रिलिक जैसे कुछ कपड़ों में सिकुड़न कम आती है। कपड़े धोने के दौरान कुछ गलतियां करने से भी उन पर सिकुड़न पड़ सकती है। खासकर वॉशिंग मशीन में एक साथ ज्यादा कपड़े डालने से, कपड़ों के अनुसार पर्याप्त पानी न मिलाने से या लंबे समय तक वॉशिंग मशीन में कपड़े पड़े रहने से वे सिकुड़ सकते हैं। इसके अलावा ड्रायर में कपड़ों को डालकर उसके बीच में आइस क्यूब्स रख दें। इसके बाद ड्रायर चलाएं। इससे कपड़ों पर सिकुड़न पड़ने की संभावना कम रहती है। इसके अलावा कुछ और हैक्स हैं। कई बार जब हम किसी काम से बाहर होते हैं और हमारे पास आयरन की व्यवस्था नहीं होती। ऐसे में कपड़ों से सिलवटें हटाना एक चैलेंज भरा काम लगता है। हालांकि इसमें परेशान होने की कोई बात नहीं है क्योंकि कई ऐसे तरीके हैं, जिनकी मदद से आप बिना आयरन के भी कपड़ों से सिलवटें दूर कर सकते हैं। ब्लो ड्रायर का इस्तेमाल करके कपड़ों से सिकुड़न कम कर सकते हैं। इससे कपड़ों की नमी निकल जाती है, जिससे सिकुड़न कम हो सकती है। हालांकि यह आयरन जैसी फिनिश नहीं देता है। इसके लिए रसोई में रखा एक पैन लें, उसे गैस पर गर्म करें। इस बीच अपने बेड या टेबल पर एक मोटा कपड़ा बिछाएं और उसके ऊपर उस कपड़े को रखें, जिस पर सिलवटें हैं। पैन के निचले चपटे भाग को सिलवटों पर धीरे-धीरे चलाएं। इससे सूती और लिनन जैसे कपड़ों से सिलवटें काफी हद तक कम हो जाती हैं। इसके अलावा ध्यान रखें कि पैन का निचला हिस्सा साफ हो। रिंकल रिमूविंग स्प्रे की मदद से भी आप कपड़ों से सिकुड़न कम कर सकते हैं। यह स्प्रे किसी भी दुकान पर आसानी से मिल जाता है। इसे कपड़े की सिकुड़न वाली जगह पर छिड़कें। इसके बाद कपड़े को झटके से खींचें और रिंकल्स खत्म होने के बाद उसे हैंगर पर सुखाएं। रिंकल रिमूविंग स्प्रे को आप आसानी से अपने बैग में कैरी कर सकते हैं।

## रंग भरो-



## रंग भरो




बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में दो बच्चे न्यू ईयर सेलिब्रेट कर रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## चित्र पूरा करो

बच्चो, यहां न्यू ईयर सेलिब्रेशन से जुड़ा हुआ आधा-अधूरा चित्र दिया गया है। दाहिनी तरफ इस चित्र के कुछ कट-आउट्स दिए गए हैं। तुम चित्र और कट-आउट्स को ध्यान से देखो और सही कट-आउट्स को सही जगह लगाकर चित्र पूरा करो।




उत्तर : A-4, B-5, C-2, D-3, E-1

# माएं तेरे पोतरे शहीदी पा गए, निहा विच आखरी फतेह बुला गए



## गर्म दूध लंगर सेवा निरंतर जारी

**श्रीगंगानगर।** स्थानीय श्री नानक दरबार गुरुद्वारा में शुक्रवार को समूह संगत के सहयोग से साकर सरहिंद चार साहिबजादे माता गुजर कौर एवं समूह शहीदों को समर्पित शहादत की याद में शुक्रवार को पाठी दर्शन सिंह ने नितनेम जाप किया और गुरु अरदास कर संगत में प्रसाद वितरण किया इस दौरान बहनों द्वारा मांऐ तेरे पोतरे शहीदी पा गए निहा विच आखरी फतेह बुला गए---- शब्द कीर्तनकर संगत को निहाल किया  इस दौरान गुरु सिख प्यारे जरनैल सिंह उप्पल,संलग्न सिंह ,स्वर्गीय हिम्मत सिंह ग्रोवर ,अंग्रेज सिंह चानी, दर्शन सिंह कामरा, स्वर्गीय सतपाल वेदी, गुरजंट सिंह परिवार द्वारा देग व गुरु के वस्त्र भेंट किए गए शहीदों की याद में संगत को 21 से 6 जनवरी तक गर्म दूध की निरंतर लगर सेवा जारी रहेगी गुरुद्वारा के प्रधान दर्शन सिंह कामरा ने समूह संगत से आह्वान किया कि इस महान सेवा में अपने हाथों से दूध वितरण की सेवा करके पुष्प के भागी बने इस महान सेवा में दूध ,चीनी, मट्ठी ,बिस्किट, डिस्पोजल गिलास ,गैस सिलेंडर, आदि खर्चे में आप तन मन धन से सेवा व सहयोग कर सकते हैं।

# ढींगावाली ग्राम सेवा सहकारी समिति की आमसभा सम्पन्न

### ऑडिट रिपोर्ट की पुष्टि की गई तथा पुराने जर्जर भवन की निलामी भी सम्पन्न करवाई

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** ढींगावाली ग्राम सेवा सहकारी समिति की आमसभा अध्यक्ष रामदेव ढाका की अध्यक्षता में आयोजित की गई। समिति परिसर में हुई इस आमसभा में वर्ष 2023-24 की ऑडिट रिपोर्ट पेश की गई, जिसमें वर्षभर के आय-व्यय की जानकारी दी गई। समिति में पिछले एक वर्ष की अवधि में हुए कार्यों के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया तथा इसकी पुष्टि की गई। आमसभा में समिति उपाध्यक्ष गुरजीत सिंह, सदस्य अजय ढाका, दौलतराम सिहाग, लाभ सिंह समिति संचालक मण्डल सदस्यों के साथ-साथ ऋणी व अऋणी सदस्य शामिल हुए।




अध्यक्ष रामदेव ढाका ने बताया कि इस मौके पर पुराने भवन की निलामी भी सम्पन्न करवाई गई। निलामी प्रक्रिया सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने के लिए आमसभा में निलामी कमेटी का गठन किया गया, जिसका अध्यक्ष चन्द्रमोहन सहारण को बनाया गया। निलामी कमेटी में हरपाल सिंह मान, गुरविन्द्र सिंह उप सरपंच, अशोक ढाका पूर्व अध्यक्ष, जगनन्दन, रामदेव ढाका, गुरजीत सिंह उपाध्यक्ष, बलदेव सिंह रायके, गंगाराम, लाभ सिंह, हंसराज पिलानिया, लखविन्द्र सिंह, रघुवीर सिंह मान पूर्व सरपंच, छमिन्द्र सिंह पूर्व सरपंच ढींगावाली राठान को सदस्य बनाया गया। निलामी प्रक्रिया विधिवत रूप से निर्विवाद सम्पन्न हुई।

इस अवसर पर आमसभा में मोरजंडा ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष बृजलाल भाकर, महेन्द्र भाकर, मनफूलसिंहवाला पूर्व सरपंच भूप सिंह तालनिया, सरपंच सिमरजीत सिंह, श्योचन्द भाम्भू, कृषि पर्यवेक्षक जगदीश छिम्पा, ग्रामवासी बलदेव सिंह बराड़, गंगाराम कुलडि?ा, जसवीर सिंह बराड़, सुभाष ढाका, सोनी रायके, कुलविन्द्र बराड़, गुरमीत बराड़, खुशदीप मान, राजेन्द्र भादू, संजय भादू, जगनन्दन सिंह, इन्द्राज चाहर, मनु लुना, प्रवीण यादव, गोपाल कुलडि?ा, गौरव शर्मा, रामकुमार बेनीवाल, राजेंद्र सहारण, अनिल चांगल, दीपक चांगल, दिनेश सहारण, संजय सिहाग, विक्की सहारण, गुरप्रताप सिंह सहित समिति संचालक मण्डल सदस्य, ऋणी व अऋणी सदस्य तथा ग्रामवासी व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# गेंहू की सरकारी खरीद को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**हनुमानगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** गुरुवार को अनाज मंडी मजदूर यूनियन ने जिला कलेक्टर को गेंहू की सरकारी खरीद भारतीय खाद्य निगम (एफ.सी.आई.) से करवाने की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौंपा। यूनियन के अध्यक्ष मुक्कदर अली के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में पिछली बार प्राइवेट एजेंसियों द्वारा की गई खरीद से किसानों और व्यापारियों को हुई परेशानियों को विस्तार से बताया गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि गोलूवाला, संगरिया और तलवाड़ा सहित कई क्षेत्रों में पिछली बार प्राइवेट एजेंसियों द्वारा गेंहू की खरीद के दौरान कई समस्याएं सामने आईं। प्राइवेट एजेंसियों के पास सुचारू रूप से कार्य संचालन की उचित व्यवस्था नहीं थी। इसके कारण किसानों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ा। टांसपोर्ट की अपर्याप्त व्यवस्था के चलते फसलों का समय पर उठाव नहीं हो सका, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ। इसके अलावा, प्राइवेट एजेंसियों ने किसानों को उनके भुगतान समय पर नहीं किए, जिससे उन्हें आर्थिक संकट झेलना पड़ा। इन समस्याओं के कारण व्यापारियों और मजदूरों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। यूनियन ने कहा कि सरकारी एजेंसियों के पास संसाधन और संरचनात्मक सुविधाएं अधिक होने के कारण ऐसी समस्याएं उत्पन्न नहीं होती हैं। ज्ञापन में जिला कलेक्टर से यह मांग की गई कि इस बार गेंहू की खरीद भारतीय खाद्य निगम (एफ.सी.आई.) के माध्यम से करवाई जाए। इससे खरीद प्रक्रिया पारदर्शी होगी और किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य समय पर मिल सकेगा। यूनियन ने कहा कि सरकारी एजेंसियों के पास व्यवस्थित परिवहन और भंडारण की बेहतर व्यवस्था होती है, जिससे किसानों और व्यापारियों की परेशानियां कम होंगी। ज्ञापन सौंपते समय यूनियन के कई सदस्य और स्थानीय किसान उपस्थित रहे। अध्यक्ष मुक्कदर अली ने कहा कि उनकी मांगें किसान हित में हैं और अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।  जिला कलेक्टर ने यूनियन की मांगों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया।

# भूमि विकास बैंक के डायरेक्टर्स ने जांच बदलने मांग की

**हनुमानगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** गुरुवार को भूमि विकास बैंक, हनुमानगढ़ के डायरेक्टर्स ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए बैंक के भ्रष्ट अधिकारियों के विरुद्ध निष्पक्ष जांच करवाने और दोषी अधिकारी को तुरंत बर्खास्त करने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान में चल रही जांच न्यायसंगत नहीं है और इसे बदलना अत्यंत आवश्यक है। डायरेक्टर्स ने अपने ज्ञापन में बताया कि उन्होंने पहले भी राजस्थान सरकार और सहकारी विभाग के रजिस्ट्रार को भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए आवेदन दिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि बैंक के एक अधिकारी ने लोन वसूली के नाम पर अनियमितताएं की हैं। यह अधिकारी ऑफ-सीजन में भी साल भर गाड़ियां दौड़ाकर बैंक के संसाधनों का दुरुपयोग कर रहा है। इस प्रक्रिया में किसानों के पैसों को अनुचित तरीके से खर्च कर बैंक को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि साल भर तीन-तीन गाड़ियां चलाई जा रही हैं, जिन पर अनावश्यक रूप से पैसा बर्बाद किया जा रहा है। इस मामले में की गई शिकायत के बाद जांच इसी बैंक के प्रशासनिक अधिकारी को सौंपी गई है, जो कि केन्द्रीय बैंक से संबंधित हैं। डायरेक्टर्स ने इस जांच को पक्षपातपूर्ण बताते हुए कहा कि वर्तमान जांच अधिकारी निष्पक्षता से कार्य नहीं कर पाएंगे। डायरेक्टर्स ने यह भी आरोप लगाया कि दोषी अधिकारी जांच को प्रभावित करने का प्रयास कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जांच का जिम्मा किसी अन्य प्रशासनिक विभाग को दिया जाना चाहिए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। डायरेक्टर्स ने जिला कलेक्टर से आग्रह किया कि जांच प्रक्रिया को निष्पक्ष बनाने के लिए इसे अन्य प्रशासनिक विभाग को सौंपा जाए। साथ ही, दोषी अधिकारी को तुरंत बर्खास्त कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उचित कदम नहीं उठाए गए, तो बैंक और किसानों को और अधिक नुकसान हो सकता है।



# तुलसी पूजन कर पर्यावरण संरक्षण और सनातन धर्म के महत्व पर बल

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** मिथिला सेवा समिति के सदस्यों ने आज अल्फ्रेड नोबेल सेकेंडरी स्कूल में तुलसी दिवस का शुभ आयोजन किया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों और विद्यालय परिवार द्वारा तुलसी पूजन कर पर्यावरण संरक्षण और सनातन धर्म के महत्व पर बल दिया गया। समारोह की शुरुआत तुलसी पूजन से हुई, जिसमें विद्यालय के प्रिंसिपल काजल साहू, अमित मिश्रा, रामबाबू साहू, संतोष झा, कांति मिश्रा और संदीप मिश्रा ने विशेष भागीदारी निभाई। विद्यालय के बच्चों ने भी इस अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को तुलसी के धार्मिक, औषधीय और पर्यावरणीय महत्व की जानकारी दी गई। मिथिला सेवा समिति के सदस्यों ने तुलसी को सनातन धर्म में देवी स्वरूप और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक बताया। बच्चों को समझाया गया कि तुलसी के पौधे न केवल आध्यात्मिक रूप से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि वायु को शुद्ध करने और स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने में भी अत्यंत उपयोगी हैं। समिति ने बच्चों को सनातन धर्म की परंपराओं और मूल्यों को अपनाने और संरक्षित रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी ने पर्यावरण संरक्षण और समाज में तुलसी के महत्व को समझने और इसे आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों और सभी उपस्थित लोगों ने तुलसी के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की और इस पुनीत कार्य को आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया।



# शहीदी दिवस बड़ी ही श्रद्धा भावना के साथ मनाया

जनमार्ग न्यूज

**गोलूवाला।** कस्बे की अंग्रेजी माध्यम संस्था नोबल इंटरनेशनल एकेडमी गोलूवाला में सिख धर्म के गुरु गोबिंद सिंह जी का शहीदी दिवस बड़ी ही श्रद्धा भावना के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने गुरु गोबिंद सिंह जी की जीवनी पर कविताएं सुनाई व उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर संस्था निदेशक मोहनलाल स्वामी ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी ने धर्म व समाज कि रक्षा के लिए 1699 में खालसा पंथ की स्थापना की थी। उन्होंने जातियों के भेदभाव को समाप्त कर आत्मसम्मान की भावना पैदा की।

संस्था के प्रधान इन्द्रजीत सिंह ने गुरु जी के बलिदान को याद करते हुए कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी ने अपने मां-बाप, चार साहिबजादे व स्वयं को धर्म की आन-बान व शान के लिए कुर्बान कर दिया और

सरवंशदानी कहलाए। वे आज भी अपने धर्म व देश के प्रति सर्वस्व दान करने के लिए जाने जाते हैं। संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेंद्र शर्मा व मदन लाल धारणिया ने भी गुरु गोबिंद सिंह जी के त्याग और बलिदान के बारे में बताया। इस दौरान स्टाफ व बच्चे मौजूद रहे।

# इंटक के प्रदेशाध्यक्ष शर्मा की पुण्यतिथि पर लगाया लंगर

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक राजस्थान द्वारा अपने प्रदेश कार्यालय बस स्टैण्ड के पीछे इंटक के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष स्व श्री राम शर्मा की दूसरी पुण्यतिथि पर अटूट लंगर लगाया गया और गौ शाला में फलों की सेवा मणि कर गौ सेवा की। इस विशाल लंगर मे विधिपूर्वक पूजा अर्चना प्रदेश अध्यक्ष विष्णु शर्मा और प्रदेश महामंत्री नरेश कपूर,प्रदेश सचिव पवन गौतम,दिनेश कुमार,दिनेश कुमार बीकानेर जिला सचिव,मधु सोनी महिला विंग प्रदेश अध्यक्ष,किरपा शर्मा प्रदेश महामंत्री महिला विंग शकुंतला वर्मा जिला अध्यक्ष, गुरजीत कौर जिला सचिव ने किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष विष्णु शर्मा प्रदेश महामंत्री नरेश कपूर और प्रदेश सचिव पवन गौतम ने बताया कि राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक हमारे आदरणीय स्वर्गीय श्री राम शर्मा ने हर दिन दुखी की हमेशा सेवा करते थे और लावारिश पशुओं ओर जानवरों की सेवा तो उनका नित्य कर्म था जब तक वो लावारिस पशु को हरा चारा गुड ओर लावारिस कुत्तों को भोजन नहीं कराते थे तब तक वह खुद भी अन्न का दाना तक खुद ग्रहण नहीं करते थे। ओर उन्हीं के दिखाए मार्ग दर्शन से उनके स्वर्ग वास के बाद आज तक वहीं सेवा धर्म जारी है। उनकी आज दूसरी पुण्यतिथि तिथि हैं जिसके लिए आज प्रदेश कार्यालय के बाहर लंगर का आयोजन की गया है जो सुबह शुरू हुआ ओर देर शाम तक जारी रहा। स्वर्गीय श्री राम शर्मा जी के दिखाए मार्ग पर ये सेवा कर्म चलता रहेगा और समय समय पर लंगर आयोजित करेंगे और लावारिश पशुओं की सेवा करेंगे हमारा एक ही उद्देश्य रहता हैं की इस महंगाई  के दौर में जरूरत मंदो की नि- शुल्क भोजन उपलब्ध करवाना और सभी धर्मो को एक ही जाजम पर बैठा कर खाना खिलाना जिससे अमीर गरीब का भेद भाव खत्म हो और आपसी भाई चारा कायम हो। आज लंगर में दाल रोटी स्लाद और बीकानेरी रसगुल्ले का लगाया जिसका लोगो ने भरपूर आनंद लिया और इस लंगर की जम कर तारीफ भी की। हमारा प्रयास रहेगा की ये लंगर हर माह आजीवन लगता रहे और हमे सभी की सेवा का मौका मिलता रहे। मधु सोनी प्रदेश अध्यक्ष महिला विंग किरपा शर्मा प्रदेश महामंत्री महिला विंग फल सब्जी मंडी अध्यक्ष किशोरी पचेरवाल,दिनेश कुमार, शकुन्तला वर्मा जिला अध्यक्ष गुरजीत कौर जिला सचिव ने आए हुए अतिथियों,इंटक पदा अधिकारियों कार्यकर्ताओं और लंगर वितरण करने वाले सभी सेवादारों व लंगर प्राप्त करने आए सभी का आभार व्यक्त किया।




# भाजपा प्रदेश कार्यालय में वीर बाल दिवस पर कीर्तन का आयोजन

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** आज भाजपा प्रदेश मुख्यालय जयपुर में वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें श्रीगंगानगर भाजयुमो कद्दावर नेता अमित कुमार खन्ना भी पहुंचे।खन्ना ने बताया कि आज वीर बाल दिवस पर भाजपा प्रदेश मुख्यालय में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन जी राठौड़ के नेतृत्व में कीर्तन का आयोजन किया गया और आक्रांताओं के खिलाफ वीरों की शहादत के बारे में अवगत करवाया गया।खन्ना ने बताया कि भाजपा सरकार देश में है राष्ट्रवादी सरकार आज देश में वीर बाल दिवस देश का राष्ट्रीय दिवस घोषित करना हमारे देश की सांस्कृतिक धरोहर को संजोने  का काम देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने किया जो इतिहास आने वाले भारत की पीढ़ियां सिक्ख इतिहास को अपने हृदय में संजोएगे।खन्ना ने बताया कि आज राष्ट्रीय बाल दिवस पर प्रदेश मुख्यालय पर प्रदेश भाजपा के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।इस मौके पर भाजयुमो के अमित कुमार खन्ना के साथ हिमांशु खन्ना विशेष रूप से मौजूद रहे।



# श्री गुरुनानक दरबार में कल वाहेगुरू सिमरन से होगा 'सफ़र ए शहादत' समागम का समापन

## आज रात सजाया जाएगा कीर्तन दीवान

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** स्थानीय जी ब्लॉक स्थित गुरुद्वारा श्री गुरुनानक दरबार में शहीदी दिहाड़ों पर चल रहे सफ़र ए शहादत समागम का समापन शनिवार सुबह वाहेगुरु सिमरन के साथ होगा। इस दौरान विशेष कीर्तन दीवान सजाया जाएगा जिसमें श्री दरबार साहिब अमृतसर के हुजूरी रागी जत्था भाई गुरमेल सिंह संगत को गुरूओं के परिवार द्वारा दी गई कुर्बानियों एवं शहादत के इतिहास से संगत को रू-ब-रू करवाएंगे। साथ ही गुरुद्वारा के हुजूरी कथावाचक ज्ञानी संतोख सिंह व रागी जत्था भाई हरविंदर सिंह हीरा भी कथा कीर्तन द्वारा संगत को निहाल करेंगे। इससे पहले सुबह 9.15 बजे श्री सहज पाठ के भोग उपरांत 9.30 बजे से संगत द्वारा वाहेगुरु सिमरन किया जाएगा, उसके बाद सुबह 11 बजे तक कीर्तन दीवान सजाया जाएगा। गुरुद्वारा प्रधान गुरबचनसिंह वासन ने बताया कि समागम के छठे दिन शुक्रवार रात को श्री दरबार साहिब अमृतसर के हुजूरी रागी जत्था भाई गुरमेल सिंह ने संगत को गुरु साहिब के परिवार द्वारा दी गई शहादत पर आधारित शबद कीर्तन करते हुए गुरु महिमा का गुणगान किया। इस मौके पर गुरुद्वारा साहिब में बड़ी संख्या में पंहुचे श्रृद्धालुओं ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष गुरूओं द्वारा दी शहादत को याद को ताजा करते हुए इलाके की तरक्की, समृद्धि व खुशहाली के लिए अरदास की।



**कल निकाली जाएगी सांध्यफेरी:** गुरुद्वारा प्रधान गुरबचनसिंह वासन ने बताया कि गुरूद्वारा साहिब में चल रहे कार्यक्रमों की कड़ी में श्री सहज पाठ धर्म प्रचार कमेटी द्वारा चार साहिब जादे, माता गुजर कौर, भाई मोती राम मेहरा व अनेक सिंघ सिंघनिओं की शहादत को समर्पित समागम के तहत शनिवार सांय 4 बजे पदमपुर रोड स्थित गुरुद्वारा धन-धन बाबा दीप सिंह जी शहीद से विशाल सांध्यफेरी निकाली जाएगी।

# तीन बाण के धारी, तीनो बाण चलाओ ना..

### पवन चलाना द्वारा गए भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु



**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** सिद्ध धाम श्रीखाटू श्याम धाम मंदिर सुदामानगर में हुए रात्रि जागरण में श्याम श्रद्धालु भजनों की धुनो पर नृत्य करने लगे । मंदिर के सेवादार संदीप शेरेवाला ने बताया कि इस अवसर पर शहर के प्रमुख भजन प्रवाहको जिसमे पवन चलाना,.विक्की शर्मा, लविश चुग,  नेहा शर्मा ने अपने श्याम भजनों से आये हुए श्रद्धालुंओ को भाव विभोर कर दिया। सुंदर-सुंदर भजनों पर श्याम श्रद्धालु अपने आप को नृत्य करने से नहीं रोक सके । बाबा श्याम का श्रृंगार अद्भुत एवं विहंगम लग रहा था । जो भी श्रृंगार को देख रहा था ,वह अपने आप को गौरवांवित महसूस कर रहा था । इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के भोग बाबा को लगाकर आए हुये श्रद्धालुंओ में वितरित किए गए । इनके अलावा भजन प्रवाहक  राज चदानी, विशाल सोडा, नरेंद्र अग्रवाल ,केके शर्मा , सनी व अन्य ने सुंदर-सुंदर भजन सुनाए।

# खत्री पंजाबी कम्युनिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हांडा अगली बार नहीं बनेंगे राष्ट्रीय अध्यक्ष

### संगठन की परम्परानुसार 31 दिसम्बर तक सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना जाएगा

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी कमल हांडा ने अगली बार राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बनने की घोषणा की है। राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष सूर्यवंशी रजनेश बहल ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी कमल हांडा ने पिछले तीन कार्यकालों में खत्रिय वर्ण यानि अरोड़ा, खत्री, भाटिया, सूद, खुखरायण और ब्रह्मखत्रिय जाति के लोगों के द्वारा ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी संगठन को दिए गए अपार स्नेह, प्यार और आशीर्वाद का दिल की अनंत गहराइयों से धन्यवाद किया है। उन्होंने इस दौरान साथ रहे सभी ब्लॉक, विधानसभा, जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय पदाधिकारियों का भी अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी को विश्व का सिरमौर बनाने के अभियान में तन-मन-धन से सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया है।



प्रदेशाध्यक्ष सूर्यवंशी रजनेश बहल ने कहा कि सूर्यवंशी कमल हांडा का मानना है कि समाज के हर व्यक्ति में नेतृत्व क्षमता को विकसित करने के लिए अलग-अलग लोगों को नेतृत्व दिया जाना चाहिए, ऐसी सोच विरले लोगों में ही मिलती है और ऐसे लोग ही सच्चाई में संगठन का नेतृत्व करने के अधिकारी होते हैं, जो किसी भी जिम्मेवारी को नैतिकता के मापदंडों पर करने का कार्य करते हैं। इसलिए सूर्यवंशी कमल हांडा ने निर्णय लिया है कि संगठन में जो भी पदाधिकारी लगातार तीन कार्यकालों तक अध्यक्ष रहा है, उसे समाज के अन्य व्यक्ति को आगे लाकर उसकी नेतृत्व क्षमता को बढ़ाकर उसका मार्गदर्शन करने का कार्य करना चाहिए। इसकी शुरुआत उन्होंने अपने आप से करते हुए मीडिया के माध्यम से बताया कि वह राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए चौथे कार्यकाल के लिए अपने आप को प्रस्तुत नहीं करेंगे और दिसंबर के अंत में अपना वर्तमान कार्यकाल समाप्त होने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद छोड़ देंगे।

# शिया मुल्क ईरान के खिलाफ क्यों भड़के मुस्लिम देश, जानें सीरिया में खामेनेई का वो प्लान जिस पर अरब लीग लाल

**तेहरान।** कट्टर शिया मुल्क ईरान के खिलाफ मुस्लिम देशों ने विरोध शुरू कर दिया है। अरब लीग क्षेत्रीय ब्लॉग ने गुरुवार को ईरान से कहा है कि वह बशर अल-असद के शासन के हटने के बाद सीरिया में नए संघर्ष के लिए उकसावे को बढ़ावा न दें। ईरान पर आरोप है कि वह सीरिया में असद के समर्थकों को समर्थन देकर नए संघर्ष की भूमिका बना रहा है। इसी 8 दिसम्बर को तेहरान के सहयोगी बशर अल-असद के शासन को सीरिया के इस्लामिक विद्रोहियों ने उखाड़ फेंका था। असद को देश छोड़कर भागना पड़ा था और वह इस समय रूस में शरण लिए हुए हैं।




**सीरिया में हार से ईरान को झटका**

लेबनान में हिजबुल्लाह के बाद सीरिया में असद के पतन ने ईरान को बड़ा झटका दिया है, जिसने क्षेत्र में अपना एक प्रमुख सहयोगी खो दिया है। सीरिया में तख्तापलट ने लेबनान तक जाने वाली ईरान की सप्लाई लाइन काट दी है। इस बीच सीरिया में असद के वफादारों ने देश की नई सरकार के खिलाफ हमले शुरू किए हैं। आरोप है कि इसे ईरान का समर्थन हासिल है।

**असद के गढ़ में शुरू हुआ बड़ा ऐक्शन**

सीरिया के नए शासन ने गुरुवार को असद के गढ़ में एक अभियान शुरू किया है, जहां उनके लड़ाकों और पूर्व सरकार से जुड़े हथियारबंद गुटों के बीच घातक झड़पें हुई हैं। अरब लीग ने कहा है कि वह संघर्ष की चिंगारी को भड़काने के उद्देश्य से कई सीरियाई शहरों और क्षेत्रों में हो रही घटनाओं पर चिंता के साथ नजर रख रहा है। एक बयान में अरब लीग ने सीरिया की क्षेत्रीय अखंडता और स्थिरता का सम्मान करने, हथियारों के राज्य के हाथों में सीमित करने, सभी सशस्त्र गुटों को भंग करने और विदेशी हस्तक्षेपों को रोकने की आवश्यकता पर जोर दिया। बयान के अनुसार, लीग ने कहा कि यह सीरियाई लोगों के बीच संघर्ष को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ईरान के बयानों को खारिज करता है। हालांकि, इसमें यह नहीं बताया गया कि वह कौन से बयान का उल्लेख कर रहा था।

**सीरिया में क्या कर रहा ईरान?**

रविवार को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने असद को सत्ता से बेदखल करने के बाद सीरिया में एक मजबूत समूह के उभरने की बात कही थी। खामेनेई ने कहा कि देश के युवाओं के पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है। इस बयान को ईरान की तरफ से सीरिया में असद समूहों को फिर से हथियार उठाने की अपील के तौर पर देखा गया है। हालांकि, तेहरान के विदेश मंत्रालय ने इन रिपोर्टों को निराधार बताते हुए निशाना साधा है। मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि ईरान सीरिया की क्षेत्रीय अखंडता और राष्ट्रीय एकता का समर्थन करने और एक समावेशी राजनीतिक प्रणाली के गठन के लिए प्रतिबद्ध है।

# पत्थरों से बने गोवंश का नहीं, बल्कि जीवित गोवंश का बने सहारा: उपाध्याय

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** नई धान मंडी, हनुमानगढ़ जंक्शन के शेड नंबर तीन में 27 दिसंबर से प्रारंभ होने वाली दिव्य श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ ज्योतिष एवं वास्तु महा समागम कथा से पहले गुरुवार को ऐतिहासिक और भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा दुर्गा मंदिर, हनुमानगढ़ जंक्शन से प्रारंभ होकर विभिन्न मुख्य मार्गों से होते हुए कथा स्थल नई धान मंडी पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान जगह-जगह गोसेवकों और रामभक्तों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत और अभिनंदन किया। कलश यात्रा में 251 महिलाओं ने भाग लिया, जो रामधुन पर नाचती-गाती हुई आगे बढ़ रही थीं। यात्रा की भव्यता और श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। कार्यक्रम संयोजक मोहित बलाडिया ने बताया कि 27 दिसंबर से कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित की जाएगी और इसका समापन 2 जनवरी को होगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य गोवंश संरक्षण को बढ़ावा देना है। कथा के मुख्य वक्ता, पंडित संतोष उपाध्याय ने कहा कि बेसहारा और गलियों में घूम रहे गोवंश को सहारा व संरक्षण प्रदान करना न केवल समाज का नैतिक कर्तव्य है, बल्कि इससे सभी समस्याओं और दुखों का निवारण भी संभव है। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति अपने घर में एक देसी गाय पालता है, तो इससे उसके घर का वास्तु दोष स्वतः समाप्त हो जाएगा। पंडित उपाध्याय ने पत्थरों से बने गोवंश की पूजा से अधिक जीवित गोवंश की सेवा पर बल दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए देशभर से समाजसेवी और संगठन के प्रतिनिधि पहुंचे। श्री कृष्ण गौशाला धाम, देहरादून के ट्रस्टी आशु अरोड़ा और बजरंग दल, महानगर देहरादून के जिला सुरक्षा प्रमुख भूपेंद्र चौधरी विशेष रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए।



इसके अलावा, बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद के पूर्व प्रांत सह-संयोजक आशीष पारीक, स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक विजय कौशिक, गौ सेवक विजय जांगिड़, भगवती प्रसाद, देव बेबानी, ओम प्रकाश शास्त्री, दीपक बंसल, संघ स्वयंसेवक गौरव शर्मा, मनीष कौशिक, सुभाष खीचड़ और सुशांत लबानिया समेत कई अन्य गोभक्तों और समाजसेवकों ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गोसेवक विजय जांगिड़ ने बताया कि कथा स्थल तक श्रद्धालुओं को लाने-ले जाने के लिए आसपास के गांवों से निशुल्क बस सेवा उपलब्ध कराई गई है। यह सुविधा प्रतिदिन सभी श्रद्धालुओं के लिए सुनिश्चित की गई।

## दो साल पहले छोड़ दी थी नौकरी, 4 महीने बाद दोस्त से करने वाली थी शादी...

### आरजे सिमरन सुसाइड केस में खुलासा

**गुरुग्राम (जनमार्ग न्यूज)।** सेक्टर-47 की एक सोसायटी के फ्लैट में गुरुवार को आरजे और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सिमरन सिंह का शव फंदे से लटका मिला। सामने आया है कि सिमरन अपने दोस्त के साथ चार महीने बाद शादी करने वाली थीं। उन्होंने दोस्त के साथ मिलकर एक कंपनी भी बनाई थी, जिसके बैनर तले ऐड फिल्म और शॉर्ट मूवी बनाई जाती थीं। रेडियो जॉकी का काम सिमरन दो साल पहले छोड़ चुकी थीं। सोसायटी में इन लोगों ने तीन फ्लैट किराए पर ले रखे थे। तीसरे फ्लैट में उनकी टीम के सदस्य रहते थे।

बुधवार रात नौ बजे सिमरन ने अपने फ्लैट की अंदर से कुंडी लगा ली। उनका शव फंदे पर लटका मिलने से आत्महत्या की आशंका जताई गई है। पुलिस के अनुसार, वह कई दिनों से परेशान चल रही थीं। परेशानी के कारणों की बात सामने नहीं आई। जम्मू से आए सिमरन के माता-पिता को गुरुवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव सौंप दिया गया। पुलिस को इस बारे में किसी प्रकार की शिकायत नहीं मिली है। मौके से पुलिस को कोई स्यूसाइड नोट भी नहीं मिला है।

# राजकीय चिकित्सालय में मरीजों को भोजन व पौष्टिक आहार वितरण सरहानीय नवाचार : गोयल

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** ठंडी छांव मानव सेवा समिति, हनुमानगढ़ टाउन ने मानव सेवा की दिशा में एक अनुकरणीय पहल करते हुए राजकीय चिकित्सालय के बच्चा वार्ड और अन्य वार्डों में उपचाराधीन मरीजों और उनके परिजनों को प्रतिदिन पौष्टिक आहार प्रदान करने का कार्य शुरू किया है। इस सेवा के अंतर्गत दूध, दलिया, खिचड़ी और बिस्किट का वितरण किया गया, जिससे दूरदराज से आने वाले मरीजों और उनके साथ आए परिजनों को राहत मिलेगी इस सेवा कार्य में सीडब्ल्यूसी मजिस्ट्रेट जितेंद्र गोयल, समाजसेवी कृष्ण जांगिड़, ओमप्रकाश होठला, रामकिशन कराड, जसवंत खन्ना, श्रीमती कुसुम वर्मा और श्रीमती सीमा वर्मा ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गोयल ने सेवा के इस कार्य को सराहते हुए ठंडी छांव समिति के प्रयासों की प्रशंसा की और इसे एक सराहनीय नवाचार बताया। उन्होंने कहा कि बच्चा वार्ड में नवजात शिशुओं और उनकी माताओं के लिए



पौष्टिक आहार की यह पहल विशेष रूप से सहायक सिद्ध होगी। गोयल ने बच्चा वार्ड में पहुंचकर नवजात शिशुओं की कुशलक्षेम जानी और उनकी माताओं से बातचीत की। उन्होंने कहा कि दलिया और खिचड़ी जैसे पौष्टिक आहार से न केवल नवजात शिशुओं को स्वस्थ रखने में मदद मिलेगी, बल्कि माताओं को भी प्रसव के बाद की कमजोरी से उबरने में सहायता मिलेगी। विशेष रूप से दूरदराज के इलाकों से आने वाली महिलाओं और उनके परिजनों के लिए यह पहल राहत प्रदान कर रही है। संस्था के प्रभारी दीपक खन्ना ने बताया कि ठंडी छांव मानव सेवा समिति के सदस्य पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ इस सेवा कार्य में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल मानवता की सेवा के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। खन्ना ने इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी उपस्थिति और समर्थन संस्था के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी ऐसे समाजसेवी संस्था को अपना सहयोग और प्यार देते रहेंगे। समाजसेवी कृष्ण जांगिड़ ने कहा कि ठंडी छांव समिति का यह प्रयास दूसरों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि ऐसी पहलें समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होती हैं। वहीं, ओमप्रकाश होठला और रामकिशन कराड ने भी इस सेवा कार्य की प्रशंसा की और इसे निरंतर जारी रखने का आह्वान किया। इस प्रकार की पहल राजकीय चिकित्सालय में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों को न केवल पौष्टिक आहार प्रदान कर रही है, बल्कि यह समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा दे रही है। समिति के इस प्रयास से न केवल मरीजों को राहत मिली है, बल्कि समाज में मानवीय मूल्यों को भी सुदृढ़ किया गया है। ठंडी छांव मानव सेवा समिति ने इस सेवा कार्य को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया है। समिति का मानना है कि इस प्रकार की सेवाएं न केवल जरूरतमंदों की मदद करती हैं, बल्कि समाज को एकजुट और सहानुभूति से भरपूर बनाती हैं।

# अब बच्चे कोर्ट में दलील देंगे, तंज से भी नहीं डिगा हौसला, 12वीं के छात्र ने हाईकोर्ट में खुद लड़ी ईडब्ल्यूएस कोटे की लड़ाई, मिली जीत

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में जज एक सुनवाई के दौरान 19 साल के लड़के की दलीलें सुनकर हैरान रह गए है। ईडब्ल्यूएस कोटे के तहत निजी मेडिकल कॉलेज में दाखिला नहीं मिलने पर युवक ने याचिका लगाई थी। 12वीं पास अथर्व चतुर्वेदी ने बिना वकील के अपना केस खुद लड़ा है। साथ ही इसमें जीत हासिल की है। जज उनकी दलीलों से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने कहा कि तुम्हें डॉक्टर नहीं, वकील बनना चाहिए।

**प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों में नहीं मिला आरक्षण**

अथर्व को नीट में 530 अंक मिले थे लेकिन प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में ईडब्ल्यूएस कोटा न होने के कारण उन्हें दाखिला नहीं मिला। उन्होंने 10 नवंबर को याचिका दायर की और 17 दिसंबर को हाईकोर्ट ने फैसला उनके पक्ष में सुनाया। अथर्व अब सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी कर रहे हैं क्योंकि उन्हें अभी तक कॉलेज में दाखिला नहीं मिला है। उन्होंने केस की तैयारी खुद की और कई चुनौतियों का सामना किया।

**अथर्व को ऐतिहासिक जीत मिली**

अथर्व चतुर्वेदी, एक 19 वर्षीय छात्र, ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में एक ऐतिहासिक केस जीता है। इस केस के कारण अब प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों में भी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को आरक्षण का लाभ मिलेगा। अथर्व ने नीट परीक्षा में 530 अंक प्राप्त किए थे। लेकिन प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों में ईडब्ल्यूएस कोटा नहीं होने के कारण उन्हें दाखिला नहीं मिला। इस अन्याय के खिलाफ उन्होंने खुद हाईकोर्ट में याचिका दायर की और अपनी पैरवी भी खुद की।

**दलीलों से प्रभावित हुए जज**

जज उनकी दलीलों से इतने प्रभावित हुए, साथ ही कहा कि गलत फील्ड में जा रहे हो, तुम्हें वकील बनना चाहिए। हाईकोर्ट ने अथर्व के पक्ष में फैसला सुनाते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिया कि अगले शैक्षणिक सत्र से प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों में ईडब्ल्यूएस कोटा के लिए सीटें बढ़ाई जाएं। हालांकि, इस फैसले के बावजूद अथर्व को अभी तक मेडिकल कॉलेज में दाखिला नहीं मिला है, इसलिए वे अब सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी कर रहे हैं।

**कॉलेज में दाखिला नहीं मिला**

अथर्व ने बताया कि उन्होंने नीट के साथ-साथ जेईई मैन्स भी पास की थी। उन्हें भोपाल के एमएएनआईटी में कंप्यूटर साइंस में आसानी से दाखिला मिल सकता था। लेकिन उनका मन मेडिकल फील्ड में जाने का था। उन्हें उम्मीद थी कि प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में उन्हें दाखिला मिल जाएगा। लेकिन जब काउंसलिंग के आखिरी राउंड तक उन्हें कोई कॉलेज नहीं मिला तो वे निराश हो गए।

**कम अंक वाले को मिल गया दाखिला**

इसके साथ ही अथर्व ने कहा कि उनसे कम अंक वाले आरक्षित वर्ग के छात्रों को दाखिला मिल गया था। जबकि वे खुद भी ईडब्ल्यूएस वर्ग से आते हैं। जांच करने पर पता चला कि प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों में ईडब्ल्यूएस के लिए कोई आरक्षित सीट ही नहीं है। यही उनके याचिका दायर करने का मुख्य कारण बना।

**कोर्ट में लगाई याचिका**

अथर्व ने बताया कि जाति प्रमाण पत्र होने का लाभ सभी परीक्षाओं में मिलता है। प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों में एससी/एसटी और विकलांग कोटे के लिए सीटें आरक्षित होती हैं। मध्य प्रदेश में विकलांग कोटे में 91 छात्र रजिस्टर्ड थे और उनके लिए 205 सीटें आरक्षित थीं। अथर्व की ईडब्ल्यूएस कोटे में रैंक 134 थी और नियमों के अनुसार 187 सीटें आरक्षित होनी चाहिए थीं। जब उन्हें दाखिला नहीं मिला तो उन्होंने अपने पिता से बात की और कोर्ट में याचिका दायर करने का फैसला लिया।

**अथर्व ने खुद की पैरवी:** अथर्व के पिता, मनोज चतुर्वेदी, एक वकील हैं। उन्होंने बताया कि पहली सुनवाई में उन्होंने खुद अथर्व की तरफ से पैरवी की थी। लेकिन इस दौरान कुछ गलतियां हो गईं। उन्होंने नीट परीक्षा को ही चुनौती दे दी, जिस पर सरकारी वकील ने आपत्ति जताई। इसके बाद अथर्व ने खुद केस लड़ने का फैसला किया। मनोज चतुर्वेदी ने बताया कि अथर्व पढ़ाई में तो हमेशा से तेज रहा है, लेकिन उसने कभी स्कूल स्तर पर डिबेट या ग्रुप डिस्कशन में हिस्सा नहीं लिया था। अथर्व ने कहा कि मैं इस केस से ज्यादा करीब से जुड़ा था। मेरे साथ गलत हुआ था इसलिए मेरे पास सरकारी वकील के हर तर्क का जवाब था। केस के दौरान पापा ने मुझे गाइड किया।

## पारीक समाज भवन निर्माण में 16 पंखों का दान

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** टाउन जंक्शन रोड पर पीरखाने के पीछे निर्माणाधीन पारीक समाज के विश्राम भवन के लिए समाज के सदस्यों का सहयोग लगातार जारी है। समाज के अध्यक्ष पवन पारीक ने जानकारी दी कि भवन में लगाने के लिए समाज को 16 पंखे दान स्वरूप प्राप्त हुए हैं। इनमें से 6 पंखे श्री मदन पारीक एडवोकेट के परिवार द्वारा प्रदान किए गए हैं। श्री अरविंद पारीक और श्री प्रेमजी पारीक ने तीन-तीन पंखे दान किए हैं। इसके अतिरिक्त, श्री संजय पारीक, श्री ओम प्रकाश तिवाड़ी और श्री राजेश पारीक ने एक-एक पंखे का योगदान दिया है। स्वर्गीय पुष्कर दत्त पारीक की पत्नी श्रीमती कृष्णा पारीक ने भी एक पंखा दान में दिया है। समाज के अध्यक्ष पवन पारीक ने कहा कि भवन निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में है और इसमें समाज के प्रत्येक सदस्य का योगदान सराहनीय है। भवन निर्माण के इस महत्त्वपूर्ण कार्य में समाज के परिवारजन भरपूर सहयोग कर रहे हैं, जिससे इस विश्राम भवन को शीघ्र पूर्ण करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए जा रहे हैं। समाज के अध्यक्ष पवन पारीक ने बताया कि समाज के इस सामूहिक प्रयास ने यह साबित कर दिया है कि एकजुटता से बड़े से बड़े कार्य संभव हैं। यह भवन समाज के लिए एक महत्त्वपूर्ण केंद्र है, जहां सभी धार्मिक और सामाजिक गतिविधियां संचालित होंगी।

# श्याम महोत्सव का आयोजन 2 जनवरी से

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़** । जय श्री श्याम परिवार कला मंडल प्रबंध समिति रजिस्टर्ड हनुमानगढ़ द्वारा 19 वां श्याम महोत्सव का आयोजन दिनांक 2 जनवरी से 5 जनवरी 2025 को किया जा रहा है। जिसके तहत आज समिति के सदस्यों ने पुरानी नगरपालिका स्थित हनुमान मंदिर में बाबा खाटू वाले कि पूजा अर्चना कर श्याम रथ को रवाना किया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी व्यापारी राजेश सिंगला व पार्षद अर्चित अग्रवाल थे । रथ रवाना करने से पूर्व पुरानी नगरपालिका स्थित हनुमान मंदिर में श्री श्याम बाबा की पूजा अर्चना कर रथ को जयकारों के साथ रवाना किया । इस मौके पर श्याम भगत दिनेश शर्मा ने बताया श्याम महोत्सव में 2 जनवरी से 5 जनवरी 2025 गुरूवार को विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी जो शाम 3:15 बजे श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर नई धान मंडी हनुमानगढ़ टाउन से रवाना होकर टाउन के मुख्य बाजार से होती हुई पुरानी नगरपालिका स्थित हनुमान मंदिर तक पहुंचेगी । इस शोभा यात्रा के मुख्य अतिथि श्री श्याम प्रभु खाटू



वाले होंगे । इस शोभायात्रा में भव्य कलश यात्रा, विशाल ध्वजा यात्रा, फूलों की होली, आकर्षण झांकियां, इत्र वर्षा, नयना भिराम दर्शन होंगे, 3 जनवरी 2025 शुक्रवार को विशाल जागरण रात्रि 9:15 बजे से प्रभु इच्छा तक होगा जिसमें खाटू श्याम का भव्य दरबार, आकर्षक श्रृगांर व छप्पन भोग रॉयल पैराडाइज हनुमानगढ़ टाउन में होगा जिसमें बाबा का गुणगान जय श्री श्याम परिवार कला मण्डल के सदस्य करेगे व 4 जनवरी शनिवार सांय 5:15 नान्ही बाई का मायरा व 5 जनवरी रविवार को अखण्ड ज्योति पाठ प्रा:त 10:15 बजे से होगा जिसे पाठ वाचक संदीप सुलतानिया कोलकाता वालों द्वारा किया जाएगा । श्री श्याम अखंड पाठ में कोलकाता से आए कलाकारों द्वारा नृत्य नाटिका के माध्यम से नान्ही बाई का मायरा व श्री श्याम बाबा के जन्मोत्सव से लेकर शीश के दान तक की अलौकिक झांकियां व भक्तों की धमाल पर अनूठा संगम होगा । आज प्रचार रथ में शहर के सभी श्याम भक्तों उपस्थित थे । सभी ने जयकारों के साथ श्याम रथ को रवाना किया । जो शहर के कोने कोने में श्याम महोत्सव का प्रचार करेगा ।

# आंख बंद कर भागे यशस्वी भागे, गेंद को देखने लगे विराट... टर्निंग पॉइंट वाले रन आउट के लिए जिम्मेदार कौन?

जनमार्ग न्यूज

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय टीम ने बॉक्सिंग डे टेस्ट के दूसरे दिन 51 रन पर दो विकेट खो दिए थे। कप्तान रोहित शर्मा दूसरे ही ओवर में आउट हुए तो केएल राहुल सेट होने के बाद टी ब्रेक से पहले पवेलियन लौट गए। दो विकेट गिरने के बाद यशस्वी जायसवाल ने विराट कोहली के साथ मिलकर पारी को संभाला। यशस्वी ने अपना अर्धशतक पूरा किया और कोई भी गेंदबाज भारतीय बल्लेबाजों को परेशान नहीं कर पा रहा था।

**रन आउट हो गए यशस्वी**

यशस्वी जायसवाल शतक की तरफ बढ़ रहे थे। उनका स्ट्राइक रेट कभी 70 का था लेकिन फिर कुछ ऐसा हुआ जो भारतीय टीम कभी नहीं चाहती थी। विराट कोहली और यशस्वी का तालमेल बिगड़ गया। इसका नतीजा ये हुआ कि यशस्वी रन आउट हो गए। 41वें ओवर की आखिरी गेंद को यशस्वी ने मिड ऑन की तरफ खेला और रन लेने के लिए दौड़ पड़े। विराट गेंद को देख रहे थे। वह क्रीज में खड़े ही रह गए और यशस्वी उनके पास तक पहुंच गए। मिड ऑन पर कप्तान पैट कमिंस ने गेंद को उठाया। उन्होंने विकेटकीपर की तरफ थ्रो कर दिया। एलेक्स कैरी ने आराम से पीछे से आकर बेल्स उड़ा दी। इस समय विराट और यशस्वी खड़े होकर एक दूसरे को देख रहे थे। 118 गेंदों पर यशस्वी ने 11 चौके और एक छक्का लगाकर 82 रन बनाए।श




**एक रन बाद कोहली भी आउट**

यशस्वी जायसवाल के रन आउट होने के बाद विराट कोहली भी ज्यादा समय क्रीज पर नहीं टिक पाए। 153 के स्कोर पर यशस्वी पवेलियन लौटे थे। इसके एक रन ही जुड़ा था कि विराट भी आउट हो गए। स्कॉट बोलैंड के ऑफ स्टंप की बाहर की गेंद पर विराट ने विकेटकीपर को कैच दे दिया। उन्होंने 36 रनों की पारी खेली। स्टंप के समय भारतीय टीम का स्कोर 5 विकेट पर 164 रन था। रविंद्र जडेजा के साथ विकेटकीपर ऋषभ पंत क्रीज पर टिके थे।

# चार साहबजादों व माता गुजर कौर के शहादत पर इतिहास परीक्षा का आयोजन

जनमार्ग न्यूज


**हनुमानगढ़।** टाउन के गुरुद्वारा शहीद बाबा सुखा सिंह बाबा मेहताब सिंह में आज दशम गुरु गोविंद सिंह के चार साहबजादो व माता गुजर कौर के शहादत पर गुरुद्वारा सुखा सिंह मेहताब सिंह,गुरुद्वारा गुरुनानकसर प्रेम नगर व धर्म प्रचार कमेटी हनुमानगढ़ द्वारा गुरु इतिहास परीक्षा का आयोजन किया गया । इस परीक्षा में लगभग 860 प्रतिभागियों ने परीक्षा दी परीक्षा प्रात 10:00 बजे प्रारंभ हुई परीक्षा में दो ग्रुप बनाए गए सीनियर ग्रुप व जूनियर ग्रुप सीनियर ग्रुप में 260 एवं जूनियर में 600 प्रतिभागियों ने परीक्षा दी,परीक्षा का परिणाम शाम 3:00 बजे निकल गया इसके मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक गणेश राज बंसल, नगर परिषद पूर्व सभापति सुमित रणवा, भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र पारीक, अंतराष्टीय वैश्य महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष तरुण विजय, अमित सहू थे । इस प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय रहे प्रतिभागियों को गुरुद्वारा सुखा सिंह मेहताब सिंह गुरुद्वारा प्रेम नगर, धर्म प्रचार कमेटी व इंदर धुडीयां द्वारा एक-एक साइकिल, स्टडी काउंटर व वाच दिया गया । इस प्रतियोगिता में प्रथम गुरपाल सिंह,द्वितीय कुल वीर कोर, तृतीय रमनदीप कौर सीनियर ग्रुप में रहे, जूनियर ग्रुप में प्रथम अर्शदीप कौर द्वितीय हरजीत सिंह व तृतीय समत प्रीत सिंह रहे । इस प्रतियोगिता में हनुमानगढ़ के क्षेत्र के लगभग 25 स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया । इस प्रतियोगिता को संपन्न कराने में 42 शिक्षकों ने



अपना सहयोग दिया। परीक्षा के पश्चात निर्णायको द्वारा परीक्षा कॉपियों की जांच की गई जिसमे प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान घोषित किए गए इस मौके पर बाबा जग्गा सिंह बाबा जोगा सिंह गुरुद्वारा गुरु नानकसर प्रेम नगर के प्रधान बलकरन सिंह ढिल्लों कथावाचक बाबा हरजिंदर सिंह, भाई मंगल सिंह प्रचार कमेटी एसजीपीसी दमदमा साहिब, जगदीश सिंह मूति, जगदीप सिंह कोषाध्यक्ष,धर्मप्रचार कमेटी प्रधान सुरजीत सिंह वजीरपुरिया, शेरी सिंह, जसवीर सिंह इंदर सिंह धुरिया, बाबा मंगल सिंह, कुलदीप सिंह, बलविंदर सिंह सरपंच, गुरप्रीत सिंह सरपंच, बलकरण सिंह गुरु तेग बहादुर स्कूल व अन्य सेवादारों ने इस परीक्षा में भाग लिया। मुख्य अतिथि गणेश राज बंसल ने चार साहिबजादों के बलिदान को इतिहास का अनुपम अध्याय बताया। उन्होंने कहा कि साहिबजादों ने धर्म और सत्य के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर हमें सच्चाई और साहस का मार्ग दिखाया है। निवर्तमान सभापति सुमित रणवा ने कहा कि आज के समय में हमें चार साहिबजादों की कुर्बानी से प्रेरणा लेकर अपने समाज और देश के प्रति समर्पित होना चाहिए। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अपने मूल्यों को बनाए रखने की अपील की। अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष तरुण विजय ने साहिबजादों के बलिदान की चर्चा करते हुए कहा कि उनका साहस और बलिदान आज भी हमें सत्य, न्याय और धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र पारीक ने युवाओं से अपील की कि वे साहिबजादों के आदर्शों को अपनाकर देश और समाज की सेवा करें। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को इतिहास से जोड़ने का माध्यम हैं।

# यमन के आसमान में छाए इजरायली लड़ाकू विमान... इजरायल ने कैसा किया हूतियों पर सबसे बड़ा हमला

**सना।** इजरायल ने यमन के हूती विद्रोहियों पर अब तक का सबसे बड़ा हमला किया है। इजरायली सेना ने कहा है कि उसके लड़ाकू जेट ने गुरुवार को यमन के हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर बम बरसाए। इजरायली लड़ाकू विमानों ने राजधानी सना के एयरपोर्ट समेत पश्चिमी शहर हुदैदाह के बंदरगाह समेत अन्य ठिकानों को निशाना बनाया। हमला कितना बड़ा था, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इसमें इजरायल के 100 से ज्यादा लड़ाकू विमान शामिल हुए थे। सना एयरपोर्ट का मेन रनवे, कंट्रोल टॉवर और एयरक्राफ्ट तबाह हो गए।



**यमन पर और हमलों की तैयारी**

यमन में अपने सबसे बड़े हमले को अंजाम देने के बाद इजरायली वायुसेना के प्रमुख मेजर जनरल तोमेर बार ने अधिकारियों से बात की। उन्होंने कहा कि यह हमारा यमन पर चौथा हमला था और अभी हमारा मिशन पूरा नहीं हुआ है। मैं उस रक्षात्मक प्रयास से शुरुआत करना चाहता हूं जिसमें हम पिछले कुछ समय से रात-रात भर लगे हुए हैं।उन्होंने कहा कि हमने अभी अपनी क्षमता का ठोस प्रदर्शन देखा है और हम बहुत-बहुत अधिक क्षमता रखते हैं।

**हूतियों को क्यों बनाया निशाना?**

आईडीएफ ने पुष्टि की कि उन्होंने हूती सैन्य बुनियादी ढांचे, सना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, रास कनातिब बिजली स्टेशनों और पश्चिमी तट पर हुदैदाह, सलीफ और रास कनातिब बंदरगाहों को निशाना बनाया था। इन ठिकानों का इस्तेमाल ईरान से यमन में हथियारों की तस्करी के लिए किया जा रहा था।

**सना के आसमान में इजरायली विमान**

रिपोर्ट के मुताबिक दर्जनों इजरायली विमानों को सना और हुदैदाह के आसमान में देखा गया। इजरायली विमानों ने सना में सात और हुदैदाह में तीन हमले किए थे। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि ये हमला उस समय किया गया जब हूती नेता अब्दुल-मलिक अल-हूती पास में ही अपनी विजयी भाषण दे रहे थे।

**हूती सीखेंगे सबक**

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को एक भाषण में कहा था कि हूती भी वही सबक सीखेंगे, जो हमास, हिजबुल्ला, असद सरकार और अन्य लोगों ने सीखा है। उनकी सरकार ने कहा कि नेतन्याहू ने सैन्य नेताओं के साथ मिलकर ताजा हमलों पर नजर रखी। अमेरिकी सेना ने हाल के दिनों में यमन में हूती विद्रोहियों को भी निशाना बनाया है।

# फॉल सीलिंग में फोन छिपाकर बनाए लड़कियों के 24 प्राइवेट वीडियो

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक युवक के मोबाइल में 24 अश्लील वीडियो मिलने से सनसनी मच गई है। इतनी ज्यादा संख्या में महिलाओं के प्राइवेट वीडियो मिलना इसलिए भी चिंता की बात है क्योंकि आरोपी एमआरआई सेंटर में काम करता था। यही युवक एमआरआई सेंटर में छिप-छिपकर महिलाओं के बिना कपड़े के वीडियो बनाते हुए पकड़ा गया था। अब उसके फोन में इतनी अधिक संख्या में अश्लील वीडियो मिलने की खबर सामने आते ही यह आशंका बढ़ गई है कि क्या यह वीडियो एमआरआई सेंटर में आने वाली महिलाओं के ही थे। हालांकि, पुलिस इस मामले में बयान देने से बच रही है। सूत्रों का कहना है कि युवक ने यह वीडियो खुद अपने फोन से ही बनाए हैं। गौरतलब है कि वीडियो बनाने वाले आरोपी को अरेरा हिल्स थाना पुलिस ने युवक को 19 दिसंबर को गिरफ्तार किया था। उसे कोर्ट से 25 दिसंबर बुधवार को जमानत मिल गई है। बताया जा रहा है कि आरोपी 3 साल पहले अयोध्या से भोपाल आया था। इसके बाद से ही वह यहां रह रहा था। वह मालवीय नगर के मेडी स्कैन एमआरआई सेंटर में नौकरी कर रहा था। सेंटर संचालक ने उसे बिना पुलिस वेरिफिकेशन के काम पर रख लिया था। अब पुलिस एमआरआई सेंटर के संचालक की भूमिका की भी जांच कर रही है, कहीं सेंटर संचालक खुद तो ऐसे वीडियो नहीं बनवाता था। आरोपी के मोबाइल की टेक्निकल जांच में यह भी साफ हो चुका है कि उसने वीडियो किसी दूसरे को कभी शेयर नहीं किया। पूछताछ में भी उसने खुद के देखने के लिए वीडियो बनाने की बात स्वीकार की है।

# व्यापार मण्डल शिक्षण संस्थान में धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

**हनुमानगढ़ (जनमार्ग न्यूज)।** व्यापार मण्डल शिक्षा समिति के तत्वाधान में वार्षिकोत्सव वी.एम. वीस्टा का भव्य आयोजन का शुभारम्भ जिला एवं सेशन जज श्री अशोक कुमार टाक, जिला एव सेशन न्यायधिश श्री अमित कड़वासरा, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री देवेन्द्र पारीक, भाजपा युवा नेता अमित जी साहू, श्रीमती विजया चौधरी धर्मपत्नी पूर्व मंत्री श्री विनोद कुमार चौधरी, पूर्व सभापति श्री राजकुमार जी हिसारिया, समिति अध्यक्ष श्री अजय सर्राफ, उपाध्यक्ष श्री संजय जैन, सचिव श्री विजय कुमार बसंल, सहसचिव श्री विकास हिसारिया, कोषाध्यक्ष श्री सुरेन्द्र गोयल मुण्डेवाला, वीएम गर्ल्स कॉलेज प्राचार्य डॉ. नीलम गौड़, वीएम पब्लिक प्रिसीपल श्रीमती किरण राठौड़,



वीएम बॉलिका उ.मा. प्रधानाचार्य श्रीमती संजू गाडिया ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस रंगारंग कार्यक्रम में हनुमानगढ़ के जाने-माने गणमान्य अतिथियों ने शिरकत की, जिनमें अनिता विश्नोई पुत्री श्री चन्द्रकला विश्नोई, श्री मांगी लाल विश्नोई, एसकेडी युनिवर्सिटी चैयरमैन श्री बाबूलाल जुनेजा, बेबी हैप्पी कॉलेज डायरेक्टर श्री तरूण विजय, फुडग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन अध्यक्ष श्री नरोत्तम सिंगला, शिक्षा समिति द्वारा शिक्षा विध बड़ी दीदी स्व. श्रीमती चन्द्रकला विश्नोई को सम्मानित किया गया, साथ ही शहर के गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। वी.एम. वीस्टा को देखने का उत्साह लोगों की संख्या से ही पता चल रहा था, करीब 4000 लोग कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित दे तथा इतने ही संख्या में लोग बाहर थे। तीनों संस्थाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा राजस्थानी, पंजाबी व हरियाणी, फैशन शौ, शिव तांडव जैसे कार्यक्रम से शामा बांध रहा। प्रिसीपल श्रीमती किरण राठौड़ के कार्यो की सहराना करते हुए समिति पदाधिकारियों, समस्त स्टॉफ व छात्रों व अभिभावकों द्वारा श्रीमती किरण राठौड़ को मदर टेरेसा, सिंघम जैसे शब्दों से सबोधित किया।

# मानस अभियान के तहत शुद्ध ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

**हनुमानगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** ग्राम पंचायत 2 केएनजे में मानस अभियान के तहत आयोजित पहले शुद्ध ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन समारोह धूमधाम और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर गांव के नवोदित खेल मैदान पर हुए आयोजन ने ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया। समापन समारोह की अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि रतन धवल ने की। समारोह में क्षेत्र के कई गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया और युवाओं को खेल के महत्व के प्रति प्रेरित किया। क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला मौजूखेड़ा और डबली की टीमों के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में मौजूखेड़ा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डबली को पराजित कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को ?41,000 और ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि उपविजेता टीम डबली को ?31,000 और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। ज्ञात रहे की प्रतियोगिता में 64 गांव के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। खेल प्रदर्शन में उत्कृष्टता के लिए व्यक्तिगत पुरस्कार भी वितरित किए गए। टूर्नामेंट में मैन ऑफ द सीरीज और फाइनल का मैन ऑफ द मैच का खिताब मौजूखेड़ा टीम के जस्सी को प्रदान किया गया। जस्सी ने पूरे टूर्नामेंट में अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों और आयोजकों का दिल जीत लिया। समारोह में मुख्य अतिथियों के रूप में संदीप गोदारा, नरेंद्र पाल सिंह, ओम गोदारा, सुखचैन सिंह, अमित गोदारा, रवि सिंह शेखावत, कैलाश गोदारा, मनोज यादव, रमेश कुमार, संदीप सिंह,



कमल सिंह, संजय कुमार, अर्जुन, विजेंदर, राजकुमार चौधरी, मुकेश कुमार, रमेश भाकर और भूपेंद्र सिंह खोसा शामिल हुए। अतिथियों ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने की प्रेरणा दी और हार-जीत को सीखने का माध्यम मानने का आह्वान किया। सरपंच प्रतिनिधि रतन धवल ने अपने संबोधन में कहा कि इस टूर्नामेंट का उद्देश्य गांव के युवाओं को नशे से दूर रखना और उन्हें खेलों से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि डेढ़ साल की कड़ी मेहनत और प्रयासों के बाद ग्राम पंचायत को यह खेल मैदान उपलब्ध हुआ है। अब यह मैदान न केवल गांव के युवाओं को खेल गतिविधियों में शामिल होने का अवसर प्रदान करेगा, बल्कि आसपास के गांवों के लिए भी प्रेरणा बनेगा। यह खेल मैदान गांव के लिए एक नई शुरुआत का प्रतीक है। इस मैदान पर पहली बार किसी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिससे स्थानीय युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। अतिथियों ने सरपंच प्रतिनिधि रतन धवल के प्रयासों की सराहना की और कहा कि यह मैदान भविष्य में गांव के खिलाड़ियों के लिए एक प्रशिक्षण केंद्र बन सकता है। समारोह में मौजूद अतिथियों ने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हार-जीत जीवन का हिस्सा है, लेकिन हारकर घबराने की बजाय कड़ी मेहनत से विजेता बनने की दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने युवाओं को खेल को जीवन का हिस्सा बनाकर नशे और अन्य सामाजिक बुराइयों से दूर रहने की सलाह दी। टूर्नामेंट ने गांव के युवाओं को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अनूठा अवसर दिया। टूर्नामेंट के दौरान ग्रामीण युवाओं ने अपने खेल कौशल का परिचय दिया और दर्शकों का मनोरंजन किया। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली सभी टीमों ने खेल भावना और अनुशासन का परिचय देते हुए आयोजन को सफल बनाया। इस आयोजन ने न केवल खेल के प्रति ग्रामीणों की रुचि को बढ़ावा दिया, बल्कि यह साबित किया कि खेल समाज को एकजुट करने और युवाओं को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करने का सशक्त माध्यम हो सकता है। आयोजन के दौरान खिलाड़ियों और दर्शकों में जोश और उत्साह देखते ही बनता था। सरपंच प्रतिनिधि रतन धवल ने इस अवसर पर घोषणा की कि भविष्य में भी इस प्रकार के खेल आयोजनों को प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन एक शुरुआत है, और आने वाले वर्षों में इसे और व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने युवाओं से खेलों में सक्रिय भागीदारी की अपील की और इसे जीवन में सफलता का माध्यम बताया। ग्राम पंचायत 2 केएनजे में आयोजित यह क्रिकेट टूर्नामेंट युवाओं को नशे से दूर रखकर खेलों से जोड़ने का एक सराहनीय प्रयास है। उक्त खेल मैदान के लिए पिछले डेढ़ वर्ष से सरपंच प्रतिनिधि रतन धवल द्वारा संघर्ष किया गया जिसके पश्चात उक्त प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस आयोजन ने गांव के युवाओं और ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया और उन्हें भविष्य में नई ऊंचाइयां छूने की प्रेरणा दी।

# ट्रेन के पहियों के बीच बने ट्रॉली में घुसकर 250 किमी का सफर

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर से एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो के बारे में जानेंगे तो आपके रौंगटे खड़े हो जाएंगे। एक युवक अपनी जान जोखिम में डालकर ट्रेन में सफर कर रहा था। वह ट्रेन में पहिए के नीचे बने ट्रॉली में बैठकर इटारसी से जबलपुर पहुंच गया। जबलपुर में वह पकड़ा गया है। युवक का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

दरअसल, युवक ट्रेन की ट्रॉली में घुसकर सफर कर रहा था। जबलपुर में जब ट्रेन रुकी तो लोगों की नजर उसके ऊपर गई। इसके बाद उसे डांटकर बाहर निकाला गया है। उसने इसी तरह से करीब 250 किमी की अधिक की दूरी तय की है।

जबलपुर में ट्रेन नंबर 12149 पुणे दानापुर एक्सप्रेस आकर रुकी। ट्रेन के रुकने के बाद रेलकर्मी ट्रेन की रोलिंग और अंडर गियर की जांच करने आए। इसी दौरान युवक पर उन सभी की नजर पड़ी तो वह पकड़ में आया। इसके बाद आरपीएफ ने युवक को हिरासत में ले लिया है। साथ ही उससे पूछताछ की जा रही है। आखिर युवक ने खतरनाक तरीके से सफर क्यों किया है।

बताया जा रहा है कि युवक बोगी के नीचे बनी ट्रॉली में छुपकर युवक ने 250 किलोमीटर का सफर तय किया है। यह बोगी ट्रेन के,ष्ट-4 कोच के नीचे लगी हुई है। इसी ट्रॉली में युवक छुपा हुआ था। रेलवे के कैरिज एंड वैगन विभाग के कर्मचारियों ने ट्रॉली में सफर कर रहे युवक को पकड़ा और ञ्जक्क पुलिस के हवाले किया।

पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के सीपीआरओ हर्षित श्रीवास्तव ने बताया कि आज ट्रेन की बोगी के नीचे ट्रॉली में बैठकर सफर कर रहे युवक को पकड़ा है। मामले में कार्रवाई की जा रही है। साथ ही युवक से भी पता लगाया जा रहा है कि वह किस तरह से यहां पर बैठकर इतनी दूर पहुंचा है।

# अब महाकुंभ में स्नान करने जाएंगे अब्दुल्ला और नौशाद अहमद दुबे, जौनपुर का डेहरी गांव फिर सुर्खियों में

**जौनपुर।** यूपी के जौनपुर में एक गांव है डेहरी। केराकत क्षेत्र में पड़ने वाले इस गांव में कई मुस्लिम परिवार ऐसे हैं जो अपने नाम के साथ तिवारी, शुक्ला और दुबे सरनेम जोड़ते हैं। उनका कहना है कि उनके पुरखे हिंदू थे, इसलिए वह हिंदू सरनेम लगाते हैं। मुस्लिम समुदाय के करीब 36 लोग अब प्रयागराज महाकुंभ में संगम स्नान की तैयारी भी कर रहे हैं। डेहरी गांव में रहने वाले नौशाद अहमद दुबे का कहना है कि महाकुंभ में संगम स्नान के लिए जाना सम्मान की बात है। कुंभ तो भारतीय संस्कृति, सभ्यता की पहचान है।




इसी तरह अब्दुल्ला दुबे ने बताया कि वह विशाल भारत संस्थान के एक कार्यकर्ता हैं। मैं महाकुंभ में अवश्य जाऊंगा। वहीं, नौशाद अहमद दुबे के मुताबिक, उदासीन अखाड़ा ने कहा है कि डेहरी के कुछ लोगों और विशाल भारत संस्थान से जुड़े सदस्यों को महाकुंभ में संगम स्नान के लिए निमंत्रण भेजेंगे। यह कदम समाज में एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देने वाला होगा। भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने से ना केवल समाज में सकारात्मक संदेश जाएगा और प्रेरणा का काम करेगा।

**शादी के कार्ड पर लिखा था दुबे सरनेम**

आपको बता दें कि कुछ दिनों पहले डेहरी गांव के नौशाद अहमद ने शादी के कार्ड पर नौशाद अहमद दुबे लिखकर सभी का ध्यान अपनी तरफ खींचा था।

# हनुमानगढ़ जिला मुख्यालय में किसानो ने किया प्रदर्शन

## एक दिन के सांकेतिक उपवास बैठे किसान

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** खनौरी बोर्डर पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के मरणव्रत के समर्थन में तथा शंभू मोर्चे पर पैदल दिल्ली जा रहे मरजीवड़े जत्थे पर गोले बारी करने के विरोध में हनुमानगढ़ में जिला कलेक्टर मुख्यालय पर सांकेतिक उपवास के बाद नारेबाजी की । ग्रामीण किसान मजदूर समिती ब्लॉक अध्यक्ष गोलुवाला ने बताया कि खनौरी बोर्डर पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल लगातार 30 दिनों से मरणव्रत पर बैठे है लेकिन केंद्र सरकार एमएसपी गारंटी कानून सहित अन्य मांगो पर विचार करने तक को तेयार नहीं है । दूसरी तरफ शंभू बॉर्डर पर अपनी जायज मांगों को लेकर पैदल दिल्ली जा रहे किसानों पर गोलीबारी कर जख्मी कर रही है । लोकतांत्रिक देश में किसान - कमेरो की आवाज को दबाया जा रहा है । एमएसपी का सबसे ज्यादा लाभ राजस्थान को होना है। चरणप्रीत बराड ने कहा कि एमएसपी गारंटी कानून के लागू होने से सबसे ज्यादा फायदा राजस्थान को होगा । उन्होंने बताया कि राजस्थान में सभी प्रकार की फसलें उगाई जाती है इसलिए एमएसपी गारंटी कानून लागू होने का सबसे बड़ा फायदा राजस्थान के किसानों का होगा । ग्रामीण किसान मजदूर समिति पीलीबंगा ब्लॉक अध्यक्ष गगनदीप सिधू ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक और किसान मजदूर मोर्चा की जो भी कॉल आयेगी उसे शिद्दत से निभाएंगे। अगर कोई भी किसान संघठन इन दिनों आपको किसान आंदोलन में शामिल होने से रोकता है वो खेती किसानी का दुश्मन है। कुलदीप सिंह चहल ने बताया कि हम लगातार शंभू ,खनोरी मोर्चो से संपर्क में हैं। सुबह भी बॉर्डर पर जा रहे हैं आने वाले दिनों में राजस्थान से बड़ी लहर चलने को तैयार है। प्रगट सिंह चहल, मनजीत सिंह, गुरदित सिंह, गुर्भगत सिंह, तारा सिंह ढिल्लों, चरणप्रीत सिंह बराड, कुलदीप सिंह चहल आदि किसान भूख हडताल पर बैठे हरविंदर सिधू,जगसीर सिंह बराड, चरणप्रीत सिंह बराड, गुरपरविंदर सिंह मान, रमनदीप कौर सरपंच सिंहपुरा, सुखमंदर सिंह तथा सेंकड़ों किसानो ने जिला मुख्यालय के सामने रोड पर बैठ शांतिपूर्ण धरना परदर्शन किया।



# रेलवे स्टेशन पर गेटमैन ने बचाई महिला की जान

● चलती गाड़ी में चढ़ते समय पांव फिसलने पर गिरते देख दिखाई फुर्ती

**जनमार्ग न्यूज।**



**श्रीगंगानगर।** अनूपगढ़ के रायसिंहनगर में स्टेशन पर चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रही महिला पांव फिसलने से गिर गई। जिसे रेलवे के गेटमैन ने तुरंत फुर्ती दिखाते हुए ट्रेन से दूर खींचा और जान बचाई। गुरुवार रात साढ़े 8 बजे रायसिंहनगर स्टेशन पर हुए इस पूरे घटनाक्रम का सीसीटीवी वीडियो शुक्रवार को सामने आया है। इस वीडियो में नजर आ रहा है कि ट्रेन में सवार होने का प्रयास कर रही महिला का पांव फिसल गया। उसे घटना स्थल पर मौजूद रेलवे के गेटमैन नंदराम ने बचा लिया। इसके बाद ट्रेन को उसी समय रोका गया। इसके बाद महिला ट्रेन में सवार होकर श्रीगंगानगर की तरफ रवाना हो गई। यह घटनाक्रम बीकानेर-दिल्ली सराय-रोहिल्ला ट्रेन पर हुआ। यह ट्रेन श्रीगंगानगर और पंजाब के धुरी होते हुए सराय-रोहिल्ला पहुंचती है और शाम 4.45 बजे बीकानेर से रवाना होती है। ट्रेन गुरुवार शाम पौने 5 बजे बीकानेर से रवाना हुई। यह ट्रेन लूणकरणसर, महाजन होते हुए रात साढ़े 8 बजे रायसिंहनगर स्टेशन पर पहुंची। जीआरपी एसएचओ धर्मपाल लेघा ने बताया कि घटना गुरुवार रात साढ़े 8 बजे रायसिंहनगर स्टेशन पर हुई है। गेटमैन नंदराम की सजगता से महिला को बचा लिया गया। गेटमैन नंदराम ने बताया कि महिला के साथ वाले परिजन ने एक हाथ में थैला लेकर एक हाथ से बच्चे को ट्रेन में चढ़ा दिया और खुद भी चढ़ गया। लेकिन महिला नहीं चढ़ पाई और ट्रेन चल पड़ी थी। महिला ट्रेन की बोगी का हैंडल पकड़कर साथ-साथ चलती रही, लेकिन चढ़ नहीं पाई। मैं यह सब देख रहा था और सोच रहा था कि यदि महिला का पैर पायदान पर आ गया तो वो चढ़ जाएगी, नहीं तो मुश्किल होगा। लेकिन महिला का पैर पायदान पर नहीं आ पाया और वो गिर गई। उस दौरान मैं उसकी तरफ तुरंत लपका और उसे पकड़कर खींच लिया।

# एसडी बिहाणी कॉलेज के छात्रों ने दी ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी

**जनमार्ग न्यूज।**



**श्रीगंगानगर।** सेठ जीएल बिहाणी सनातन धर्म स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में गांव 2 ई छोटी में सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन स्वयंसेवकों ने गांव में पौधारोपण किया। अल्पाहार के बाद लोगों को सरकारी योजनाओं जैसे लाडो योजना, एनर्जी योजना, गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना, सिलेंडर योजना, पीएम आवास योजना आदि की जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रितु कौशिक ने बताया कि गांव के लोगों को कुछ सरकारी योजनाओं की अधूरी जानकारी थी जिसे विस्तार से बताने का कार्य स्वयंसेवकों ने किया। दोपहर के भोजन के बाद कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सतनाम ने स्वयंसेवकों से पौधारोपण करवाने के बाद पौधे वितरित करवाए। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम कई वर्षों तक चलने चाहिए तभी हमारी पृथ्वी पर हुए प्रदूषण में कमी आएगी। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों में काफी उत्साह नजर आया और सभी ने मिलकर कार्य किए।

## युवक की हत्या का प्रयास करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** पुरानी आबादी में ताराचंद वाटिका के पास सरेआम दिन में एक युवक की चाकू मारकर हत्या का प्रयास करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है।पुलिस के मुताबिक पुरानी आबादी में लेबर कॉलोनी में रहने वाले आलम अली उर्फ पिंटू की गिरफ्तारी की गई है। आलम अली ने विगत 26 नवंबर की दोपहर लगभग 2 बजे ताराचंद वाटिका के पास एक रेहडी पर खड़े रवि मंडल नामक युवक के अचानक पीछे से आकर पीठ में चाकू से वार कर दिया था। रवि गंभीर रूप से घायल हो गया।मौके पर मौजूद लोगों ने चाकू मारने वाले युवक को पकाने की कोशिश की लेकिन वह भाग गया। लोगों ने रवि को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस ने उसके बयान के आधार पर आलम अली के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। रवि ने आलम पर रास्ते में जाते हुए को रोककर मारपीट करने और जाति सूचक गालियां निकलने का आरोप लगाया।

## ससुराल वालों से मनमुटाव, रिश्ता करवाने वाले से मारपीट

**जनमार्ग न्यूज।**




**हनुमानगढ़।** ससुराल वालों से चल रहे मनमुटाव को लेकर एक व्यक्ति ने दो अन्य के साथ मिलकर रिश्ता करवाने वाले व्यक्ति के साथ खेत में घुसकर मारपीट की। 1 लाख 30 हजार रुपए की नकदी छीन ली। आस-पड़ोस के लोगों के मौके पर आने पर आरोपी गाड़ियों में सवार होकर भाग गए। इस संबंध में गोलूवाला पुलिस थाना में दो नामजद व एक अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस के अनुसार राहुल (23) पुत्र सुभाष जाट निवासी कान्हेवाला ने मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट मे बताया कि उसके पिता गाय-भैंसों के व्यापारी हैं। गुरुवार को वह व उसके पिता गाय-भैंस देखकर वापस अपने खेत में आकर काश्त करने लगे। उसके पिता खेत में उम्मेवाला पुलिया के पास खड़े थे। वह थोड़ा आगे फसल देखने चला गया। पीछे से अपराह्न करीब 3 बजे दो कैम्पर गाड़ियों खेत में आकर रूकीं। दोनों गाड़ियों पर जांगू लिखा हुआ था। इन गाड़ियों से उतरे तीन लोगों ने खेत में घुसकर उसके पिता के साथ मारपीट शुरू कर दी। उसके पिता ने शोर मचाया तो वह भागकर मौके पर पहुंचा। सुरेन्द्र जांगू पुत्र बलवीर जांगू, दीपेश जांगू निवासी हरदयालपुरा व एक अन्य उसके पिता के साथ मारपीट कर रहे थे। सुरेन्द्र जांगू ने उसके पिता के सिर में लोहे की रॉड से वार किया। मौके पर आस-पड़ोस के लोगों को आते देखकर सुरेन्द्र वगैरा उसके पिता की जेब में रखे 1 लाख 30 हजार रुपए की नकदी छीनकर गाड़िय्यों में सवार होकर भाग गए। राहुल के अनुसार उसके पिता ने सुरेन्द्र जांगू का रिश्ता करवाया था। सुरेन्द्र जांगू का अपने ससुराल पक्ष के साथ मनमुटाव चल रहा है। इसलिए वह उनके साथ रंजिश रखते हैं। इसी रंजिश के चलते सुरेन्द्र जांगू वगैरा ने खेत में आकर उसके पिता के साथ मारपीट की व सिर में चोट मारी व रुपए निकाल कर ले गए। वह अपने पिता को इलाज के लिए गोलूवाला के सरकारी अस्पताल गोलूवाला लेकर गया। राहुल के अनुसार उन्हें सुरेन्द्र जांगू वगैरा से जानमाल का खतरा बना हुआ है।

## अबोध बेटी को लेकर मां घर से गायब

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** घमूडवाली थाना क्षेत्र में 25 वर्षीय एक युवती अपनी 6 महीने की अबोध बेटी को लेकर बिना बताए घर से कहीं गायब हो गई। पुलिस के अनुसार घमूडवाली निवासी और एक पेट्रोल पंप पर कार्यरत संदीप बाजीगर ने रिपोर्ट देते बताया है कि उसकी पत्नी इंदिरा कल गुरुवार सुबह घर से कहीं चली गई। इस पर दर्ज की गई गुमशुदगी की जांच कर रहे हवलदार शिवाजी राणा ने बताया कि इंदिरा घर से जाते हुए अपनी जेठानी को बोल गई थी कि वह दवा लेने जा रही है। इसके बाद वह वापस नहीं आई। उसका मोबाइल फोन बंद है। वह कुछ रुपए और पहने हुए जेवरातों के साथ गायब हुई है। घर वाले दूर के एक रिश्तेदार युवक पर शक कर रहे हैं।

## गौशाला रोड से सिपाही का बाइक चोरी

● सुखाडिया शॉपिंग सेंटर से जीप ले उड़ा अज्ञात युवक
● सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से चोर की तलाश

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** स्थानीय गौशाला रोड पर पंजाब नेशनल बैंक के पास से कल गुरुवार दोपहर को एक युवक ने एक सिपाही का मोटरसाइकिल चोरी किया। फिर वह मोटरसाइकिल को सुखाड़िया शॉपिंग सेंटर में छोड़कर वहां एक वर्कशॉप पर ठीक होने के लिए आई हुई एक जीप को चोरी कर ले गया। जवाहरनगर थाना पुलिस ने अज्ञात युवक पर मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से उसकी तलाश शुरू कर दी है।घटना की जांच कर रहे हवलदार गुरमेलसिंह ने बताया कि बीकानेर जिले में लूणकरणसर थाना क्षेत्र निवासी सुरेंद्र पुत्र ओमप्रकाश द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। जांच अधिकारी के मुताबिक सुरेंद्र ने मेजर डीआई मॉडल की जीप सुखाडिया शॉपिंग सेंटर में एक हुडशीटर मेकर की वर्कशॉप पर कल सुबह खड़ी की थी।उसने जीप का कोई काम करवाना था। उसने जीप की चाबी उसमें ही छोड़ दी थी। जीप को वहीं छोड़कर वह किसी काम से कहीं चला गया। थोड़ी देर बाद एक युवक आया और वर्कशॉप मिस्त्री से बोला कि मालिक ने जीप मंगवाई है। मिस्त्री ने युवक को जीप ले जाने दी। बाद में सुरेंद्र वर्कशॉप पर आया और वहां जीप खड़ी न देखकर हैरान रह गया। उसने वर्कशॉप संचालक को बताया कि उसने किसी युवक को जीप लेने के लिए नहीं भेजा था। जीप गायब होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।

## हाईवे पर कैंटनर और ट्रक में आमने-सामने की भीषण भिड़ंत

**जनमार्ग न्यूज।**



**श्रीगंगानगर।** बीकानेर जिले में बीकानेर-जयपुर नेशनल हाईवे पर श्रीडूंगरगढ़ थाना क्षेत्र में बिग्गावास-रामसरा के बीच आज सुबह 7.30 बजे कैंटनर और ट्रक में आमने-सामने की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। कैंटनर के चालक और खलासी की इस भीषण दुर्घटना में मृत्यु हो गई जबकि ट्रक का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं।श्रीडूंगरगढ़ थाना में एएसआई रविंदरसिंह ने बताया कि मृतकों की पहचान मांगीराम (25)निवासी हीरानगर सोभणा जैतमाल गुढामालानी सिणधरी जिला बालोतरा तथा धर्माराम (22) निवासी लाखासर,थाना चौहटन जिला बाड़मेर के रूप में हुई है। यह दोनों जयपुर से ट्रक में मूंगफली लादकर बीकानेर की ओर जा रहे थे जबकि बीकानेर से कैंटनर टाइल्स लेकर जयपुर की तरफ जा रहा था। इस ट्रक में सवार इसहाक खान निवासी रतननगर जिला चूरु गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे बीकानेर के पीएम हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने बताया कि यह भीषण दुर्घटना हाईवे पर एक वाहन को ओवरटेक करते समय दोनों वाहनों के आमने-सामने पूरी गति से टकराने से हुई है। दोनों वाहनों में सवार चालक और खलासी बुरी तरह से फंस गए,जिनको लोगों ने बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला। दोनों वाहनों में लदा सामान हाईवे पर बिखर गया।घटनास्थल पर श्रीडूंगरगढ़ की एक सामाजिक संस्था के कार्यकर्ता भी पहुंचे। उन्होंने भी वाहनों में फंसे लोगों को बाहर निकालने और अस्पताल पहुंचाने में काफी मदद की। मगर कैंटनर में सवार उक्त दोनों युवकों को बचाया नहीं जा सका। इसहाक खान को प्राथमिक उपचार के बाद बीकानेर रैफर कर दिया गया।

## अवैध हथियार और शराब सहित चार काबू

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** पुलिस ने अवैध हथियार और अवैध शराब रखने के आरोप में चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस ने बस अड्डा के पास अमृतपाल सिंह निवासी चक 3-एल मटीली राठान और सद्भावनानगर में गौरू निवासी गुरुनगर को तेज धार वाले कापे और तलवार सहित गिरफ्तार किया। दोनों पर आर्म्स एक्ट के तहत अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए हैं।हिंदुमालकोट पुलिस ने गांव कोठां निवासी कुलबीर सिंह को 10 लीटर अवैध हथकढ शराब सहित गिरफ्तार किया है। चूनावढ थाना पुलिस ने चक 10-एल में स्वर्ण कुमार निवासी सिहगांवाली को 38 पव्वे अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। इन पर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमे दर्ज किए गए हैं।

## ट्रक में 20 लाख की अवैध शराब ले जाते ट्रक चालक गिरफ्तार



**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** पंजाब के रास्ते ट्रक में चावल छिलका में छुपा कर लगभग 20 लाख रुपए मूल्य की अवैध शराब गुजरात ले जाते हुए चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह ट्रक कल देर रात को चुरू जिले के सालासर थाना क्षेत्र में पकड़ा गया। पुलिस अधीक्षक जय यादव ने बताया कि सुजानगढ़ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार और डीएसपी दरजाराम के सुपरविजन में सालासर थाना के एएसआई जयप्रकाश और उसकी टीम द्वारा कल देर रात को फतेहपुर-सुजानगढ़ मार्ग पर भगीवाद चौराहे के पास नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान हरियाणा नंबर के एक ट्रक को रोक कर चेक किया गया तो उसमें चावल का छिलका लदा हुआ था। चावल छिलका के कट्टों के नीचे छुपी हुई भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब और बियर के कार्टून मिले। पुलिस अधीक्षक के अनुसार ट्रक में बियर के 370 और वाइट ब्लू व्हिस्की के 17 कार्टून बरामद हुए।

## साधुवाली में ट्रैक्टर ट्रॉली खड़ा करने को लेकर झगड़ा

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** जवाहरनगर थाना क्षेत्र में गांव साधुवाली में गली में ट्रैक्टर ट्राली खड़ी करने की बात को लेकर परसों रात दो भाइयों के परिवारों में झगड़ा हो गया। झगड़े में चाची और भतीजा घायल हो गए,जिनको जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। दोनों ने एक दूसरे के परिवार जनों पर मारपीट करने के आरोप लगाते हुए बयान दिए हैं,जिस पर पुलिस ने परस्पर मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार साधुवाली निवासी श्रीमती संतोष पत्नी प्रह्लाद ने अपने भतीजे सुनील और उसके परिवार के उदय और बलराम आदि पर उससे, उसके पति व बच्चों से मारपीट करने का आरोप लगाया है।

## कार की टक्कर लगने से घायल स्कूटी सवार युवक की मौत

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** अनूपगढ़ जिले में नई मंडी घड़साना थाना क्षेत्र में कार की टक्कर लगने से स्कूटी पर सवार दो युवक घायल हो गए।इनमें एक की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।दुर्घटना की जांच कर रहे एएसआई रामसिंह ने बताया की नई मंडी घड़साना में खाना खजाना होटल के पास 21 दिसंबर की दोपहर लगभग 2 बजे कार की टक्कर लगने से स्कूटी पर सवार दो युवक विनोद (18) और रमेश (19) निवासी चक 17-एमडी घायल हो गए थे। दोनों युवक किसी काम से नई मंडी घड़साना आए थे। वापस गांव जाते हुए दुर्घटना का शिकार हो गए।उन्होंने बताया कि रमेश के मामूली चोट लगी जबकि स्कूटी चला रहे विनोद को गंभीर चोट लगने के कारण प्राथमिक उपचार देकर डॉक्टर ने बीकानेर रैफर कर दिया। उसकी कल गुरुवार को मृत्यु हो गई।

# सरकारी स्कूलों में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध




● बिस्किट के पैकेट, वेपर्स और प्लास्टिक के गिलास नहीं ले जा सकेंगे

**जनमार्ग न्यूज।**

**अनूपगढ़।** सरकारी स्कूलों में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के लिए विद्यार्थियों और स्कूल स्टाफ को बिस्किट के पैकेट, वेपर्स और प्लास्टिक के गिलास जैसे उत्पाद स्कूल परिसर में लाना प्रतिबंधित कर दिया गया है। प्रारंभिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए प्लास्टिक मुक्त वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही स्कूलों में हर शनिवार नो प्लास्टिक डे के रूप में मनाया जाए। इस दिन छात्रों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया जाएगा। उन्हें अपने परिजनों को भी प्लास्टिक का उपयोग कम करने और इसके विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। स्कूल परिसरों को प्लास्टिक मुक्त जोन घोषित किया गया है। इसके तहत स्कूलों के आस-पास 200 मीटर की परिधि में भी सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध लागू रहेगा। अनूपगढ़ जिले के जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि सभी संस्था प्रधानों को निर्देशित किया गया है कि स्कूल परिसर में सिंगल यूज प्लास्टिक किसी भी रूप में न लाया जाए। उन्होंने बताया कि न्नो बैग डेज् पर छात्रों को विशेष गतिविधियों के माध्यम से प्लास्टिक के उपयोग से बचने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## मोटरसाइकिल की टक्कर से लड़की घायल

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** स्थानीय गगन पथ पर ध्यान चिल्ड्रन एकेडमी के पास परसों शाम एक मोटरसाइकिल की टक्कर लगने से एक लड़की घायल हो गई।पुलिस के अनुसार घायल हुई लड़की रजनी के पिता सुखविंदरसिंह निवासी सुजावलपुर थाना हिंदूमलकोट द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर मोटरसाइकिल के चालक लक्ष्य पर लापरवाही के आरोप में जवाहरनगर पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज किया गया है। रजनी एक प्राइवेट हॉस्पिटल में उपचाराधीन है। जांच हवलदार महेश कुमार द्वारा की जा रही है।

# युवती को अगवा कर बंधक बनाया, दुष्कर्म करने का आरोप

● सहयोगी युवक भी मुकदमे में नामजद

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** हनुमानगढ़ जिले के पीलीबंगा थाना में एक युवती ने उसे अगवा कर कई दिन तक घर में बंधक बनाए रखकर एक युवक पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। उसने एक अन्य युवक पर मुख्य आरोपी युवक का सहयोग करने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने बताया कि करीब 19 वर्षीय कथित पीड़ित युवती द्वारा कल अपने परिवारजनों के साथ थाने में आकर दी गई रिपोर्ट के आधार पर मनफूलसिंहवाला चक निवासी रविंद्र तथा गांव लक्खूवाली निवासी रमेश पर मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि विगत 3 अक्टूबर को वह अपने नाना के साथ हनुमानगढ़ के सिविल अस्पताल में दवा लेने के लिए गई थी। जब उसका नाना पर्ची कटवा रहा था, तभी उक्त दोनों आरोपी गाड़ी लेकर आए और उसे अपने साथ जबरदस्ती ले गए।रास्ते में उसे कोई नशीली वस्तु सुंघा दी। होश आया तो वह हिसार में थी। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि दोनों आरोपियों ने डरा धमकाकर कुछ खाली कागजातों पर हस्ताक्षर करवा लिए। फिर उसे रविंद्र अपने गांव मनफूलसिंहवाला चक अपने घर ले गया और वहां बंधक बनाए रखकर जबरदस्ती दुष्कर्म करता रहा। तीन दिन पहले उसे मोबाइल फोन पर अपने घर वालों से बात करने का मौका मिल गया। उसने अपनी मां के मोबाइल पर कॉल की और अपने भाई से बात की। उसे बताया कि वह मनफूलसिंह वाला में है।तब परिवार वाले उसे जाकर घर ले आए। पुलिस ने बताया कि दोनों युवकों पर अपहरण कर बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का मामला दर्ज किया गया है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी हरीसिंह मेहरा द्वारा राहुल ऑफसैट प्रिन्टर्स गुलजार भवन, 47 गणेश विहार द्वितीय, जस्सा सिंह मार्ग के पास श्रीगंगानगर 335001 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : हरीसिंह मेहरा, 94140-87692, फैक्स : 0154-2970692